Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रुड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया


RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 82 | मंगलवार, 25 मार्च-2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## खड़गे का दावा

# 'जेपी नड्डा और रिजिजू ने सदन में बोला झूठ, हमारे किसी भी मिनिस्टर ने संविधान बदलने की बात नहीं की'



**नई दिल्ली।**

खड़गे ने दावा किया कि जेपी नड्डा जी और किरेन रिजिजू जी ने सदन में झूठ बोला, इसलिए हमारी पार्टी उनके ऊपर एक्शन लेने की तैयारी कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस पार्टी धर्म के आधार पर आरक्षण दे रही है, जो कि सरासर झूठ है।

कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के संविधान पर कथित बयान पर भाजपा के विरोध पर कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि भाजपा धर्म के आधार पर कानून बना रही है। हमने कभी धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया। उन्होंने कहा कि आज बिना किसी कारण के इस मुद्दे को उठाकर सरकार अपने भ्रष्टाचार के मामलों को छिपाना चाहती है। हमारी कांग्रेस पार्टी और कर्नाटक की दूसरी पार्टियों ने मिलकर 1994 में शुरू हुए आरक्षण को स्वीकार किया था। तब से लेकर आज तक वो आरक्षण जारी है। लेकिन उनकी परेशानी क्या है? उनकी परेशानी ये है कि हमारी 5 गारंटी कर्नाटक में लोगों तक पहुंच रही है और इसलिए उन्हें बहुत दुख है कि कांग्रेस की लोकप्रियता बढ़ रही है। खड़गे ने दावा किया कि जेपी नड्डा जी और किरेन रिजिजू जी ने सदन में झूठ बोला, इसलिए हमारी पार्टी उनके ऊपर एक्शन लेने की तैयारी कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस पार्टी धर्म के आधार पर आरक्षण दे रही है, जो कि सरासर झूठ है। इखढ ऐसे मुद्दे उठाकर अपनी सरकार में जारी भ्रष्टाचार को छिपाना चाहती है। हाल ही में ज्युडिशरी से जुड़ा एक मामला सामने आया है और इखढ नहीं चाहती कि विपक्ष इन मुद्दों पर बात करे। उन्होंने कहा कि मुस्लिमों को कभी अलग से आरक्षण नहीं दिया गया। नरेंद्र मोदी ने अपने राज्य में मुस्लिमों को डइउ की सूची में डाला था और अटल जी की सरकार से निवेदन किया था कि राज्य की लिस्ट को केंद्र की लिस्ट में डालकर लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि हमने 5 कैटेगरी में डालकर सभी को न्याय दिलाने की कोशिश की है। इखढ के लोग 30 साल पुराने कानून को चैलेंज कर रहे हैं। ये दिखाता है कि इखढ बौखलाई हुई है। देश में कांग्रेस ही संविधान लेकर आई है, कांग्रेस हर कीमत पर इसकी रक्षा करेगी। इसकी रक्षा के लिए लड़ती रहेगी। अगर कोई संविधान के खिलाफ कुछ कहता है तो कांग्रेस चुप बैठने वाली नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि हमारे किसी भी नेता या मिनिस्टर ने संविधान को बदलने की बात नहीं की है।

बाबासाहेब डॉ आंबेडकर जी के बनाएं हुए संविधान की बात केवल इखढ-फरर के नेताओं ने बार-बार की है। अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए आज भाजपा ने एक षड्यंत्र के तहत संसद रोकी, ताकि न्यायपालिका में जो भ्रष्टाचार सामने आया है उसपर संसद में बहस न हो सके।

> अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए आज भाजपा ने एक षड्यंत्र के तहत संसद रोकी, ताकि न्यायपालिका में जो भ्रष्टाचार सामने आया है उसपर संसद में बहस न हो सके। खड़गे ने दावा किया कि जेपी नड्डा जी और किरेन रिजिजू जी ने सदन में झूठ बोला, इसलिए हमारी पार्टी उनके ऊपर एक्शन लेने की तैयारी कर रही है।

## विधानसभा में भाजपा आप के बीच टकराव, अब बजट का इंतजार




**नई दिल्ली।**

बजट सत्र की शुरूआत सोमवार को विधानसभा परिसर में खीर समारोह के साथ हुई। सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि विकसित दिल्ली बजट से खीर की मिठास जैसा विकास होगा। आज प्रभु राम को यह खीर का भोग लगाकर हम विकसित दिल्ली बजट की शुरूआत करने जा रहे हैं। सरकारी सूत्रों के मुताबिक आज विधानसभा में पेश होने वाला 2025-26 का बजट 80,000 करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर सकता है। भाजपा के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार मंगलवार को विधानसभा में अपना पहला बजट पेश करेगी। इसमें सरकार यमुना की सफाई, बुनियादी ढांचा विकास और मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने जैसे वादों को पूरा करने के लिए राशि का प्रावधान कर सकती है।

## सेना को मिलेंगी ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलें




**नई दिल्ली।**

भारतीय थलसेना और वायु सेना को जल्द ही 800 किमी से अधिक की दूरी पर स्थित लक्ष्यों को भेदने में सक्षम ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलें मिलेंगी। घातक क्षमता वाली इन अत्याधुनिक मिसाइलों से रक्षा बलों की ताकत में महत्वपूर्ण वृद्धि होगी। रक्षा सूत्रों ने बताया कि इनमें से करीब 250 मिसाइलों के अधिग्रहण के प्रस्ताव को रक्षा अधिग्रहण परिषद ने मंजूरी दे दी है। अब इसे अंतिम मंजूरी के लिए सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति के पास ले जाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन मिसाइलों को रेगिस्तान और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में तैनात किया जाएगा। पहले इन मिसाइलों की मारक क्षमता 300 किलोमीटर के आसपास हुआ करती थी, लेकिन अब इनकी क्षमता में काफी वृद्धि की गई है और ये 800 किलोमीटर तक के लक्ष्य को भेद सकती हैं। सूत्रों ने कहा कि ब्रह्मोस क्रूज मिसाइलों के लिए दोनों सेनाओं की ओर से दिया गया प्रस्ताव भारतीय नौसेना को मिलने वाली मिसाइलों का ही एक दोहरा ऑर्डर है।

## सांसदों के वेतन-भत्ते में 24 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी

**नई दिल्ली।**



सांसदों के वेतन-भत्ते में 24 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। 2018 के बाद पहली बार यह बढ़ोतरी की गई है। केंद्र सरकार ने वर्तमान सांसदों के वेतन-भत्ते के साथ ही पूर्व सांसदों के पेंशन में भी इसी आधार पर वृद्धि की अधिसूचना सोमवार को जारी की। वेतन वृद्धि के बाद अब सांसदों का मूल वेतन एक लाख से बढ़कर 1.24 लाख रुपये प्रति माह हो गया है। जबकि, सांसदों का दैनिक संसदीय भत्ता 2000 रुपये से बढ़ाकर 2500 रुपये कर दिया गया है। संसदीय कार्य मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, मौजूदा सदस्यों के दैनिक भत्ते और पेंशन में भी वृद्धि की गई है। वहीं पूर्व सांसदों के लिए पांच साल से अधिक की सेवा के प्रत्येक वर्ष के लिए अतिरिक्त पेंशन भी बढ़ाई गई है।

सांसदों का वेतन पिछली बार 2018 में बढ़ा था और उसी समय फैसला हुआ था कि केंद्र सरकार महंगाई लागत सूचकांक के अनुसार पांच साल में वेतन वृद्धि की समीक्षा करेगी। इसीलिए, 24 प्रतिशत की वर्तमान बढ़ोतरी को अप्रैल 2023 से लागू करने की घोषणा की गई है। सांसदों को अब तक एक लाख रुपये वेतन मिलता था जो बढ़कर अब 1.24 लाख रुपये महीना हो जाएगा। दैनिक भत्ते में भी 500 रुपये की बढ़ोतरी होने के बाद अब यह 2500 रुपये प्रति दिन होगा। पूर्व सांसदों का न्यूनतम पेंशन 25 हजार रुपये से बढ़ाकर अब 31 हजार रुपये प्रति माह कर दिया गया है। पांच साल से अधिक की सेवा यानि एक टर्म से अधिक सदस्य रहे पूर्व सांसदों को प्रत्येक वर्ष के लिए अतिरिक्त पेंशन 2,000 रुपये प्रति माह की जगह अब 2,500 रुपये प्रति महीने के हिसाब से जोड़कर मिलेगा।

### अन्य भत्तों में भी होगा इजाफा

वेतन के अलावा साथ ही सांसदों को क्षेत्र के लोगों से संपर्क में रहने के लिए निर्वाचन क्षेत्र भत्ते के रूप में 70,000 रुपये भत्ता मिलता है। कार्यालय भत्ते के रूप में हर महीने 60,000 रुपये मिलते हैं। वेतन–भत्ते में हुई ताजा वृद्धि के अनुरूप इन भत्तों में भी इजाफा होगा। इसके अलावा सांसदों को राजधानी दिल्ली में मुफ्त आवास, फोन, इंटनरेट, हवाई–ट्रेन यात्रा समेत कुछ अन्य सुविधाएं भी मिलती हैं।

## अगले महीने से बेरोकटेक प्याज एक्सपोर्ट कर सकेंगे किसान

**नई दिल्ली।**



सरकार स्थिर घरेलू आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए निर्यात शुल्क और इसी तरह के उपाय लगाती है। घरेलू उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए, सरकार ने सितंबर 2024 में 20 प्रतिशत शुल्क लगाने से पहले 8 दिसंबर, 2023 से 3 मई, 2024 तक निर्यात निषेध सहित विभिन्न निर्यात प्रतिबंध लागू किए थे।


सरकार ने 1 अप्रैल से प्याज पर 20 प्रतिशत निर्यात शुल्क वापस ले लिया है। यह कदम रसोई में इस्तेमाल होने वाली इस खाद्य सामग्री पर प्रतिबंध लगाए जाने के करीब डेढ़ साल बाद उठाया गया है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, उपभोक्ता मामलों के विभाग से सूचना मिलने के बाद राजस्व विभाग ने एक अधिसूचना जारी की। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने कहा, ‘यह निर्णय किसानों को लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने और उपभोक्ताओं के लिए प्याज की सामर्थ्य बनाए रखने की सरकार की प्रतिबद्धता का एक और प्रमाण है। सरकार स्थिर घरेलू आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए निर्यात शुल्क और इसी तरह के उपाय लगाती है। घरेलू उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए, सरकार ने सितंबर 2024 में 20 प्रतिशत शुल्क लगाने से पहले 8 दिसंबर, 2023 से 3 मई, 2024 तक निर्यात निषेध सहित विभिन्न निर्यात प्रतिबंध लागू किए थे।

## यूट्यूबर सावुक्कु शंकर के घर पर भीड़ का हमला

**चेन्नई।** डीएमके सरकार के प्रमुख आलोचक और यूट्यूबर सावुक्कु शंकर के घर पर सोमवार अचानक कुछ लोगों ने हमला बोल दिया। उन्होंने यूट्यूबर के घर पर मानव मल और सीवेज फेंका। इस घटना की विपक्षी पार्टियों ने निंदा की है। एआईएडीएमके महासचिव एडप्पादी के पलानीस्वामी, भाजपा तमिलनाडु अध्यक्ष के अन्नामलाई, विदुथलाई चिरुथैगल काची के शीर्ष नेता थोल थिरुमावलवन, एमडीएमके प्रमुख वाइको और अभिनेता-राजनेता विजय के नेतृत्व वाली तमिजगा वेत्री कझगम के महासचिव एन आनंद ने घटना की कड़ी निंदा की और अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

## अब इन सामानों पर टैरिफ लगाएंगे डोनाल्ड ट्रंप

**रॉयटर्स।**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को कहा कि वे जल्द ऑटोमोबाइल, एल्युमिनियम और फार्मास्यूटिकल्स पर टैरिफ यानी शुल्क की घोषणा करेंगे।

व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बात करते हुए ट्रंप ने कहा कि यदि किसी समस्या जैसे युद्ध आदि का सामना करना पड़ा, तो अमेरिका को इन सभी उत्पादों की आवश्यकता होगी। ट्रंप ने अपनी कैबिनेट की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि हर देश ने हमें ठगा है। वाणिज्य मंत्री हावर्ड लुटनिक ने उसी बैठक में कहा कि दो अप्रैल को ट्रंप कई शुल्क लगाने जा रहे हैं। अमेरिका बाहरी राजस्व सेवा शुरू करेगा। बता दें कि अमेरिकी सरकार आंतरिक राजस्व सेवा अमेरिकियों से कर एकत्र करती है। इस बीच, अमेरिका राष्ट्रपति कहा कि जो भी देश वेनेजुएला से तेल या गैस खरीदता है, उसे अमेरिका के साथ किए गए किसी भी व्यापार पर 25 फीसदी शुल्क देना होगा। यह व्यवस्था दो अप्रैल से प्रभावी होगा। उन्होंने कहा कि वह यह कदम इसलिए उठा रहे हैं, क्योंकि वेनेजुएला ने दसियों हजार लोगों को अमेरिका भेजा है, जिनकी बहुत हिंसक प्रवृत्ति है। इस कदम का उद्देश्य वेनेजुएला पर दबाव बनाना है, ताकि वह अपने नागरिकों के व्यवहार में सुधार करे और अमेरिका के साथ व्यापारिक संबंधों में पारदर्शिता लाए। उधर, अमेरिका से निर्वासित 199 वेनेजुएलावासियों को लेकर एक चार्टर्ड विमान सोमवार को राजधानी कराकस पहुंचा। विमान अमेरिका से उड़ान भरकर होंडुरास में रुका और फिर कराकस के निकट एक हवाई अड्डे पर उतरा। आगमन के फुटेज में निर्वासित व्यक्तियों को राहत और खुशी व्यक्त करते हुए दिखाया गया। एक अन्य मामले में ट्रंप ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि यूक्रेनी महत्वपूर्ण खनिजों पर अमेरिका-यूक्रेन राजस्व-साझाकरण समझौते पर जल्द ही हस्ताक्षर किए जाएंगे।

> वेनेजुएला से व्यापार करने वालों को भी दी चेतावनी

## पहाड़ों पर होगी बारिश, मैदानी इलाकों में गर्मी बरपाएगी कहर

**नई दिल्ली।**

जैसे-जैसे मार्च का महीना अपनी समाप्ति की ओर बढ़ रहा है, मौसम में गर्मी बढ़ती जा रही है। अभी भले ही देश के कुछ स्थानों पर बारिश और तेज हवाएं चलती दिख रही हैं, लेकिन 30 मार्च तक बारिश का नामोनिशान खत्म हो जाएगा। मौसम विभाग ने भयंकर गर्मी का अलर्ट जारी किया है। पश्चिमी विक्षोभ की वजह से आने वाले कुछ दिनों में पहाड़ों पर बारिश देखने को मिल सकती है। लेकिन मैदानी इलाकों और खासकर उत्तर प्रदेश में गर्मी का प्रकोप लोगों के पसीने निकालने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। बीते 24 घंटे की बात करें, तो आंध्र प्रदेश के कुछ हिस्सों में भयंकर बारिश हुई। वहीं पश्चिम बंगाल, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय और तेलंगाना में ओलावृष्टि देखने को मिली। इस दौरान ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश, असम और मेघालय में तेज हवाएं भी चलीं। गुजरात के सुरेंद्रनगर में देश का सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान दर्ज किया गया, जो 41 डिग्री रहा। 24 मार्च को प्रायद्वीपीय भारत के ज्यादातर हिस्सों में मेघगर्जन के साथ-साथ वज्रपात की स्थिति रही। प्रायद्वीपीय भारत के कई स्थानों पर 25 मार्च को गरज के साथ 30 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की संभावना है। 26 और 27 मार्च को जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश और 28 मार्च को अरुणाचल प्रदेश के लिए भारी वर्षा की चेतावनी जारी की गई है। उत्तर पश्चिम भारत के मैदानी स्थानों में कई जगहों पर अगले 2 दिनों के दौरान तापमान में 2 से 3 डिग्री की बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है। हालांकि उत्तर प्रदेश में काफी गर्मी पड़ने वाली है।

### दो पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय

इस वक्त दो पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हैं। पहला पश्चिमी विक्षोभ झारखंड और बिहार के ऊपर बना हुआ है, जबकि दूसरा पश्चिमी विक्षोभ कतर के पास सक्रिय है। इनके कारण पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में 27 मार्च तक फिर से बारिश शुरू होने की संभावना है।



## संपादक की कलम से

# बजट की निशानदेही

उनके बोलने का अंदाज अर्थ का मोहताज रहा, मंजिलों की खाक छानने से पहले जिक्र भी तो करें। बजट सत्र में लहराते हिमाचल के अध्याय और रूह से टपकती इच्छाएं। कहीं प्रगतिशीलता के मुहावरे, कहीं मजबूरियों के आंसू, मगर वे बोले बहुत। दोनों तरफ की कुर्सियों से उठ-उठ कर बोले ताकि सनद रहे कि वे इस बार भी बोले। जिक्र हुआ अखबारों में आपसी टकराव की तलवारों में, लेकिन बजट की निशानदेही में इनकी सीमा में उनका अतिक्रमण और उनकी फील्ड में इनका बचाव। किसी ने खिन्नू खेला, तो किसी ने बहस को गेंद की तरह उछाल कर रन बटोर लिए, लेकिन मंडी के विधायक अनिल शर्मा बोलते हुए सच के करीब पहुंच गए जब उन्हें लगा कि सियासी दस्तखत से बने भवन अकसर अप्रासंगिक हो जाते हैं। बजट में नया क्या है, इसके शोध में विपक्ष ने हिमाचली वित्त व्यवस्था की हड्डियां गिन लीं, लेकिन अतीत के सारे तजुर्बे ढेर हो गए या मान लिया कि न कल कुछ था और न ही कल कुछ ऐसा होगा कि तारीफ की जाए।



ललित शर्मा
संपादक

बजट जितना सत्ता का था, उतना ही विपक्ष के विरोध का भी था। हमने सतपाल सत्ती, सुधीर शर्मा, रणधीर शर्मा और जनक राज जैसे विधायक सुने, तो लगा बजट भी एक प्रसंग है या यह ऐसा शगुन है जो कबूल नहीं है। यह इस वर्ष का बजट या इसमें सदी को समझने की आर्थिक संरचना है। आखिर बजट का सियासी फंडा है क्या और क्यों कर्जधारी हिमाचल को वित्तीय ऊंट की सवारी बना कर आर्थिक रेगिस्तान में दौड़ाने की परीक्षा और प्रतीक्षा हो रही है। जाहिर है मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के हर प्रश्न को बुहारी लगानी थी, तो आर्थिक फैसलों की पैमाइश भी हो गई। किसने कितना ऋण उठाया और किसकी पीठ केंद्र ने लगा दी। बात दृढ़ प्रतिज्ञ होने की करें, तो कमोबेश हर मुख्यमंत्री ने अपने दौर की करवटों में आर्थिक आपदाओं के कई समुद्र लांघे हैं, लेकिन हकीकत से मुकाबला करते सुक्खू का निजाम हर फफोले का जवाब दे रहा है। बजट चर्चा के जवाब में हम अच्छा या बुरा ऋण तो नहीं देख सकते, लेकिन जब हिमाचल की गाड़ी डबल इंजन सरकारों की पटरी पर दौड़ रही थी, तब भी आर्थिक बंटवारों की शक्ल में ऋण के गुनाह तीर बनकर चुभते रहे। हिमाचल ने कई बार सोचा कि गंगा स्नान करके आर्थिक पापों से मुक्त हो जाए, लेकिन सत्ता की घंटियां हमेशा उधार के लिए बजती रहीं। अगर जयराम सरकार ने चालीस हजार करोड़ का ऋण उठाया, तो अब तक करीब ढाई साल की सरकार भी साढ़े 29 हजार करोड़ की उधारी का पुण्य कमा रही है। अगले ढाई साल बाद जब हम इसी हिसाब को पूरा करेंगे, तो मालूम होगा कि बजट दर बजट हमें कितनी कब्रों में सुला रहे हैं। इस पर भी तुर्रा यह कि सियासी फैसलों की खुशफहमी में घोषणाओं के नित नए ध्वजारोहण हो रहे हैं। आर्थिक खुशहाली के लिए ऋण के चोर दरवाजे कारगर सिद्ध नहीं हो सकते, बल्कि आवरण को देखकर हाथ पांव मारने पड़ेंगे। अंततः आज मुकाबला अगर ऋण बनाम ऋण तक सिमटा रहेगा, तो स्थिति में बदलाव नहीं होगा, परंतु अब आर्थिक मर्ज की दवा कतरब्यौंत है। अगर माननीय उच्च न्यायालय को भी पूछना पड़ रहा है कि आखिर एचआरटीसी को सुधारने के लिए क्या हो रहा है, तो यह सवाल हर सार्वजनिक उमक्रम से चस्पां है। हैरानी यह है कि बागीचों के फूल तेरी गलियों ने रौंद दिए और तू है कि गर्दन पे टंगे पुष्प हार गिन रहा। अगर प्रदेश में घोषणाओं के मंचों, स्वागत के तोरणद्वारों, प्रीतिभोज के अंगारों और सजावट के फूल-गुब्बारों के खर्च को भी बचा लिया जाए, तो किसी न किसी ऋण अदायगी की किस्त निकल आएगी। मुख्यमंत्री ने माना है कि जरूरत से ज्यादा स्कूल-कालेज नहीं, विश्वविद्यालय भी हैं।



# मार्च-अप्रैल की चिलचिलाती गर्मी से बचने के लिए भारत की इन ठंडी जगहों पर घूमने का बनाएं प्लान

अगर आप भी मार्च-अप्रैल की चिलचिलाती गर्मी पसंद नहीं हैं, तो फिर ठंडी हवाओं का लुत्फ उठाने के लिए भारत की इन शानदार जगहों पर जाने का प्लान बनाएं। अगर आप भी गर्मी से बचना चाहते हैं तो किसी सुंदर और ठंडी जगह पर छुट्टियां बिताने जा सकते हैं। पहाड़ियों को सुंदर नजारा और सुकून के पल बिताने के लिए ये जगहें सबसे बेस्ट हैं। मार्च के महीने में ही दमघटुने वाली गर्मी पड़ने लगी है। अगर भी अप्रैल के महीने में घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। गर्मी से बचने के लिए लोग तरह-तरह के उपाय करते हैं। कोई बीच पर समुद्र में डुबकी लगाने पहुंचता है, तो कोई ठंडी जगहों पर घूमने का प्लान बनाते हैं। अगर आप भी गर्मी से बचना चाहते हैं तो किसी सुंदर और ठंडी जगह पर छुट्टियां बिताने जा सकते हैं। चलिए हम आपको इस लेख में भारत की कुछ ऐसी जगहों के बारे में बताने जा रहें, जहां आप अपने दोस्त, परिवार और पार्टनर के साथ हसीन पल को एन्जॉय कर सकते हैं।

**डलहौजी:** पहाड़ियों को सुंदर नजारा और सुकून के पल बिताने के लिए डलहौजी सबसे बेस्ट जगह है। समुद्र तल से करीब 2 हजार मीटर की ऊंचाई पर मौजूद डलहौजी भारत का सबसे खूबसूरत और मनमोहक हिल स्टेशन माना जाता है। यहां पर ऊंचे-ऊंचे पहाड़, घने जंगल, झील-झरने और देवदार के पेड़ इस हिल स्टेशन की खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करते हैं। अप्रैल के महीने में चिलचिलाती गर्मी में भी डलहौजी का तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से 25 डिग्री सेल्सियस के बीच रहता है। इसलिए यहां आप अप्रैल से लेकर जुलाई तक भारी संख्या में देशी और विदेशी पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं।

**हर्षिल वैली:** उत्तराखंड की हसीन वादियों में मौजूद हर्षिल वैली किसी स्वर्ग से कम नहीं है। यह एक ऐसी वैली है, जिसे एक्सप्लोर करने का सबका सपना होता है। यहां पर लगभग हर देशी और विदेशी पर्यटक देखा है। समुद्र तल से करीब 9 हजार से भी अधिक फीट की ऊंचाई पर मौजूद हर्षिल वैली का तापमान अप्रैल के महीने में 9 डिग्री सेल्सियस से 12 डिग्री सेल्सियस के बीच रहता है। यहां पर आप ट्रेकिंग से लेकर यादगार फोटोग्राफी भी कर सकते हैं।

**पहलगाम:** अप्रैल की गर्मी से बचने के लिए ठंडी हवाओं का लुत्फ उठाने के लिए आप जम्मू कश्मीर के पहलगान एक ऐसी जगह है, जहां किसी भी मौसम में घूमने का अलग ही मजा है। यहां पर 5 डिग्री सेल्सियस से 7 डिग्री सेल्सियस के बीच तपमान रहता है। ठंडी हवाओं का मजा लेने के लिए देश के हर कोने से पर्यटक आते हैं। पहलगाम में आप तुलियन झील, शेषनाग झील, बीटा घाटी और मार्सर झील जैसी जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

**गंगटोक:** अप्रैल की भयानक गर्मी से बचने के लिए आप नॉर्थ ईस्ट इंडिया की किसी शानदार जगह को एक्सप्लोर कर सकते हैं। आप गंगटोक की हसीन वादियों में घूमने के लिए पहुंच जाना चाहिए। हिमालय की गोद में मौजूद इसे नॉर्थ ईस्ट इंडियां का सबसे ठंडा प्रदेश भी माना जाता है।

**मनाली:** गर्मियों में ठंडी का मजा लेने के लिए मनाली घूमने जाना सबसे बेस्ट ऑप्शन है। हिमालय की गोद में मौजूद मानली अप्रैल से लेकर जुलाई की भयानक गर्मी से बचने के लिए सबसे बेस्ट जगह मानी जाती है।

# हिन्दी की गिनतियों को सरल बनाने, सुधार आवश्यक है !

संसार की प्रचलित भाषाओं का वर्गीकरण करें तो देवभाषा संस्कृत सभी की जननी है जिसके वंशानुगत अन्य सभी भाषाएँ सहित देवनागरी लिपि हिन्दी भी है। मनुष्यों के कुल गौत्र की भांति अगर भाषाओं को विभक्त करे तो हिन्दी, अँग्रेजी के अलावा अन्य भाषाओं के कुल, उपकुल, शाखाओं, उपशाखाओं तथा समुदायों में विभक्त कर समस्त भाषाओं की गणना एक कुल में की जाती रही है। ये कुल-उपकूल की शाखाओं में जैसे ईरानी, फारसी, ओर भारतीय आर्य भाषा है। ये सभी भाषाए कालचक्र की यात्राएं करते आ रही है इसलिए इन्हे प्राचीनकाल , मध्यकाल ओर आधुनिक काल में रखकर प्राचीनकाल में वेद उपनिषद आदि तथा मध्यकाल में पाली अशोक की धर्मलिपि की भाषा, साहित्यिक प्राकृत तथा अपभ्रंश आदि की बाद आज जो जातिगत सिंधी, उर्दू, बंगाली कन्नड, मलयाली, गुजराती, बिहारी, उड़िया, आसामी, ब्रज, बुन्देली आदि सभी भाषाए आधुनिक काल में हिन्दी अँग्रेजी के साथ प्रचलित है। इन सभी भाषाओं का सिरमोर हिन्दी है ओर अँग्रेजी राष्ट्र पर थोपी भाषा है। उसी प्रकार गिनती है जिसकी त्रुटियों में सुधार की आवश्यकता है, चुकीं गिनती की व्यापकता सार्वभोम है जिसका प्रयोग देश की सरकारों से लेकर वित्तीय संस्थानों के अलावा सभी जगह विशिष्ट व्यक्ति से लेकर जंगलों में रहने वाले वर्ग ओर समाज तक अपने-अपने ढंग से कामकाज चलाने के लिए उपयोग करते है, जो उनके लिए प्राथमिकता बनकर रह गयी है , जबकि सभी जानते है की हमारे पूर्वज हिन्दी ओर पहाड़े के सीमिट दायरे में जीते हुये नाकों चने चववा देते थे। देखा जाए तो आजादी के बाद भारत सरकार ने हिन्दी को राष्ट्रभाषा के स्थान पर राजभाषा घोषित कर संसद में 15 वर्षों में अंगेजी के स्थान पर हिन्दी का स्थान लिए जाने की बात कर विधान की धारा 351 के अनुसार सभी सरकारों पर हिन्दी ओर देवनागरी लिपि को विशेष प्रकार से उन्नयन करने का दायित्व लेने के बाद आज तक हिन्दी को उपेक्षित रखा है। जबकि तत्समय हिन्दी की गिनतियों में अनेक प्रकार की जटिलताओं को दूर कर गिनती को सरल ओर सहज बनाने के लिए परिवर्तन, संशोधन ओर परिवर्द्धनो के सुझाव भी हिन्दी सम्मेलनों के द्वारा रखे गए थे जिसमें अंग्रेजी ओर संस्कृत भाषा की गिनतियाँ को आधार मानकर हिन्दी वर्णमाला की गिनतियों को समक्ष रखकर हिन्दी के धुरंधर एवं सुधारवादी विद्वानों के उस दिशा में सतत प्रयत्नशील सुझावों को स्थान देना था। 16 जुलाई 1951 आषाढ़ की प्रतिपदा को प्रयाग में देश के मूर्धन्य साहित्यकारों-लेखकों ओर हिन्दी के मर्म विशेषज्ञों को लेकर हिन्दी सम्मेलन में तत्समय के डॉ०एपी चतुवेर्दी,एमडी एमएसएच साहित्यरत्न के द्वारा हिन्दी गिनती को सरल बनाने के लिए प्रस्तुत सुझावों को सभी ने स्वीकारा था जो सुधार हेतु भारत सरकार के पास भेजा गया किन्तु तत्समय के विषय को स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल करने वाले जिम्मेदारों ओर राष्ट्र के शिक्षा मंत्री के संज्ञान में लिए बिना इसे विस्मरण कर दिया गया ओर तब से अब तक हिन्दी की गिनती जो हम सभी के लिए सहज ओर सरल होनी थी, उसका लाभ से वंचित होने से यह गिनती अब तक जटिल बनी रही, जिसे सुधारा जाकर सरल बनाने से आने बाली पीढ़ियों को इसकी उपयोग लाभप्रद होगा जिससे इन्हे वंचित नही किया जाना चाहिए। हिन्दी की इन गिनतियों को बीते 8 दसक से जो शिशु-वर्ग के विद्याथियों के सम्मुख सुधार के बाद सहज ओर सरल रूप से पढ़ाया जा सकता था किन्तु दुर्भाग्य ही कहिए कि इसके लाभ से दो-तीन पीढ़िया वंचित रह चुकी है, परिणाम स्वरूप तब से अब यह हिन्दी गिनती सभी के लिए जटिल समस्या बन कर शिशुओं-बच्चो के कोमल मस्तिष्क के लिए एक भारी बोझ बनी, जिसे उन्होने स्वीकारा ओर सीखा। अगर देश की हिन्दी अकादमी जैसे अनेक संस्थाए जो हिन्दी को पोषित ओर संरक्षित करने पर अब तक करोड़ों रुपए खर्च कर चुकी है वे हिन्दी के शोध को महत्व देकर इन त्रुटियों की ओर गंभीरता से ध्यान देती तो हिन्दी की गिनतियो को सुधारा जाकर इन गिनतियों को सहज बोधगम्य बनाया जाकर इसका ज्ञान विस्तारित किया जा सकता था, जिसके अभाव में अब तक जो अध्यापक मार-मार कर गिनती पहाड़े रटाते रहे, उससे राहत मिल सकती थी , जो नहीं मिली है, अगर यह हमारे समक्ष उजागर हुई ही तो क्यों न हम इसमें सुधार कर इसे सार्वजनिक मान्यता देकर स्वीकार कर हिन्दी का मान सम्मान को प्राथमिकता से अंगीकार करे। आप हो या हम सभी ने अपने छात्र जीवन में कक्षा आठवी ओर उसके आगे की कक्षाओं में तथा उसके बाद आज भी हिन्दी की गिनती के इन अंकों 69, 59 ,89, 79 आदि गिनती का अन्तर नही समझ पाते और अधिकांश चूक कर बैठते है ओर 59 का 69 कहने की गलती करते है ठीक उसी प्रकार 59 को 69 कहने की गलती के अलावा 79 को 89 या 69 को 56 ओर 89 को 79 कहने की गलतिया दोहराई जाती है।



आत्माराम यादव
वरिष्ठ पत्रकार

# चुनौती बनता ठोस कचरे का निपटान



विजय गर्ग

बढ़ती जनसंख्या के साथ यह समस्या आम है कि उपयोग में लाई गई वस्तुओं को जब कचरे में बदलते हैं, तो फिर उनका क्या होता है? ठोस अपशिष्ट ऐसी ही चुनौतियों में शुमार है। इससे अनेक खतरे भी हैं। वैश्विक ताप में वृद्धि से दुनिया जूझ ही रही थी कि अब ठोस अपशिष्ट भी नई-नई शक्लो- सूरत में मुंह चिढ़ा रहा है।

भारत में हरित विकास की अवधारणा अभी जोर नहीं पकड़ पाई है, जबकि दूसरी ओर ठोस कचरा तेजी पसर रहा है। नतीजा यह कि दुनिया एक नई समस्या की ओर बढ़ चली है। भारत में सालाना छह करोड़ बीस लाख टन कचरा उत्पन्न होता है। इसमें प्लास्टिक और चिकित्सीय जैव कचरा भी शामिल है। इसके अतिरिक्त खतरनाक अपशिष्ट उत्पादन लगभग अस्सी लाख टन है और पंद्रह लाख टन ई- कचरा भी एक बड़ी समस्या है। अब यह भी समझना होगा कि आखिर ठोस कचरा होता क्या है। घर, ,कारोबार, उद्योग, संस्थाओं और कृषि से निकलने वाले बेकार या अवांछित ठोस या अर्ध ठोस पदार्थों को ठोस अपशिष्ट कहते हैं। ठोस अपशिष्ट में कई तरह पदार्थ शामिल होते हैं, जैसे कागज, प्लास्टिक, कांच, कार्डबोर्ड, खाद्य अपशिष्ट, उपकरण और निर्माण अपशिष्ट आदि । इसके अलावा, चिकित्सा जैव अपशिष्ट यानी अस्पतालों से निकलने वाला अपशिष्ट इलेक्ट्रानिक अपशिष्ट (ई-कचरा) मसलन, बैटरी, कंप्यूटर और मोबाइल फोन जैसी बेकार वस्तुएं। निर्माण स्थलों का मलबा, ,जिसमें ईंटें, सीमेंट और लकड़ी समेत रेडियोधर्मी अपशिष्ट जिसमें रेडियोधर्मी पदार्थ होते हैं जो गैस, तरल या ठोस रूप में हो सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनइपी) की वैश्विक अपशिष्ट प्रबंधन रपट 2024 के अनुसार, जैसे-जैसे देश अमीर होते जाते हैं, उद्योगीकरण और शहरीकरण की दर, आवास और खपत में वृद्धि होती है। यह अपशिष्ट 2030 तक ढाई अरब सवा तीन अरब टन और 2050 तक से अधिक तथा 2040 अन पौने चार अरब टन हो सकता है।

आंकड़ों के 1 के मुताबिक, प्रति व्यक्ति ठोस कचरा उत्पादन में उत्तर अमेरिका अव्वल है, जबकि कुल ठोस अपशिष्ट के मामले में पूर्व और दक्षिण-पूर्व एशिया पहले नंबर पर है। वैसे बीते ते कुछ वर्षों के आंकड़ों में चीन को विश्व स्तर पर सबसे अधिक प्रदूषक के पहचाना गया है। चीन ने पिछले पंद्रह वर्षों में ठोस कचरे के संग्रह और प्रसंस्करण के बुनियादी ढांचे और सेवाओं में बड़े पैमाने पर निवेश किया है।

## //मरम//



प्रिया देवांगन

कविता


भटक झन डगर डगर।
झन कर अगर मगर।।
पहट उठ मनन कर।
तन मन सत भर।।

जप तप कर चल।
तज तँय छल बल।।
रट झन धन धन।
रख पबरित मन।।

मतलब कम कर।
सत सत चल नर।।
उठ तँय झटपट।
कर सब फटफट।।


पग पग विपत अबड़।
खतम तँय कर जड़।।
कस अब तँय कमर।
मिहनत नित कर।।

# संसार में मृत्य अटल सत्य है- मानवीय मृत्यु का अनसुल्झा रहस्य बरकार



गोंदिया

कुदरत द्वारा बनाई इस अनमोल खूबसूरत सृष्टि में कुदरत की अनमोल कलाकृति मानवीय जीव के रूप में सृजित हुई और जिस मानवीय कुनबे में शिशु का जन्म होता है वहां खुशियों की बहार छा जाती है ऐसा सदियों से हजारों वर्षों से होता आया है और वर्तमान काल में भी हो रहा है। इस संसार में मृत्य अटल सत्य है जिसने भी जन्म लिया है उसकी मृत्यु निश्चित है। लेकिन लोगों के मन हमेशा एक सवाल उठता है कि आखिर मौत के बाद क्या होता है। अगर आत्म होती है, तो कहां जाती है। मौत के बाद मनुष्य का शरीर शिथिल हो जाता है। इस पर पहले कई शोध हुए हैं जो अभी भी जारी है। प्रकृति के कई अनसुलझे रहस्य हैं जिसे सुलझाना अभी भी बाकी है। उन्हीं में से एक है आत्मा और मौत। जब किसी मानवीय जीव की मृत्यु हो जाती है तो आदि अनादि काल से यह भी सच है कि उसी कुनबे में अति संवेदनशील दुखों का पल छा जाते हैं और उनका कुनबा यह सोचने पर मजबूर हो जाता है कि आखिर ऐसा क्या इस शरीर में से निकल गया जो यह शरीर निर्जीव हो गया जो आज के वर्तमान परिपेक्ष में भी एक अनसुलझा रहस्य बना हुआ है! जिसके विज्ञान, विशेषज्ञों, जानकारों के अलग अलग तर्क दिए गए हैं परंतु हमारे बड़े बुजुर्गों और




आध्यात्मिकता में यह ईश्वर अल्लाह की देन है और कहा गया है कि हम मानवीय जीव उसके हाथ के बने खिलौने हैं जिनका वह जीवन फिक्स कर देता है और समय आने पर उसे तोड़ देता है याने मृत्यु !आदि अनादि कहां से बुजुर्गों आध्यात्मिकता व कहावतों द्वारा यह कहा जाता है कि मनुष्य जब जन्म लेता है तो उसके मस्तक पर उसके पूरे जीवन की भविष्य रेखा लिखी रहती है और वह रेखा समाप्त होते ही उसकी मृत्यु हो जाती है,परंतु आधुनिक प्रौद्योगिकी युग में मनुष्य या कोई भी जीव मृत देह में कैसे बदल जाता है विज्ञान इस सवाल से निरंतर जूझ रहा है। साथियों बात अगर हम मृत्यु की करें तो यह नाम सुनते ही दिल दहल जाता है, कांप जाता है। जिस तरह हमने कोरोना महामारी कॉल की पीक स्थिति में मृत्यु का तांडव देखे, तो दिल पसीज गया था। हमनें फिल्म उद्योग की पुरानी फिल्म पुष्पांजलि का दर्द भरा गीत, दुनिया से जाने वाले, जाने चले जाते हैं कहां, कैसे ढूंढे कोई उनको नहीं होते नामोनिशान और चिट्ठी न कोई संदेश, ना जाने कौन सा देश, जहां तुम चले गए सुनें होंगे जो दुखों के पलों में अक्सर याद आते हैं। हालांकि इन गीतों से भी वही प्रश्न गूंज रहा है कि आखिर मानवीय शरीर में से ऐसा क्या निकल जाता है और कहां चला जाता है जो शरीर निर्जीव हो जाता है !उसका रहस्य आज भी अनसुलझा है !और मेरा मानना है कि शायद कभी सुल्झेगा भी नहीं चाहे कितना भी प्रौद्योगिकी विज्ञान का उपयोग किया जाए?

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया ।संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी के बलिदान दिवस पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई



**वेलकम इंडिया**

**झांसी** । वीरांगना महारानी अवंतीबाई लोधी जी के 167 वें बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में भव्य शोभा यात्रा अवंती बाई पार्क रॉयल सिटी से नन्दनपुरा, सीपरी, इलाईट चौराहा, जीवनशाह, वीरांगना लक्ष्मीबाई पार्क होते हुए दीनदयाल सभागार झांसी सभी शहीदों की प्रतिमाओं पर मालार्पण करते हुए कार्यक्रम स्थल दीनदयाल सभागार पर पहुंचकर कार्यक्रम संचालित हुआ इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जवाहरलाल राजपूत विधायक गरौठा ने शिक्षा का संदेश दिया. अध्यक्षता कृष्णपाल सिंह राजपूत पूर्व विधायक के द्वारा की गई. इसमें विशिष्ट अतिथि श्रीमती अनुपमा सिंह लोधी सदस्य राज्य महिला आयोग ने समाज में सामाजिक एकता का संदेश दिया. अशोक राजपूत क्षेत्रीय उपाध्यक्ष भाजपा ने वीरांगना के जीवन पर वर्णन किया. इस दौरान डॉ दिनेश राजपूत,डॉ राजकुमार राजपूत, जी. आर. राजपूत रेलवे प्रवंधक,रोहित राजपूत जिला पंचायत सदस्य,कैलाश लोधी किसान यूनियन,नारायण सिंह राजपूत जिलाध्यक्ष राष्ट्रीय लोधी महासभा झांसी,घनश्याम राजपूत,शिरोमणि राजपूत, एड. ध्रुव सिंह राजपूत प्रदेश महामंत्री, भगवत राजपूत पूर्व प्रधान, राहुल राजपूत प्रवक्ता, श्यामकिशोर राजपूत आलोक संघ, बृजनंदन राजपूत आलोक संघ, वीर सिंह राजपूत, विवेक राजपूत गोलू,लखनलाल नरवरिया, वीर सिंह राजपूत,उमाशंकर राजपूत एड., मनोहर राजपूत जिलाध्यक्ष लोधी कल्याण महासभा , ब्रह्मकिशोर राजपूत,मनीराम राजपूत,सुरजीत राजपूत,मुकेश राजपूत, साकेत राजपूत, राजेंद्र राजपूत रक्सा,सुरेश राजपूत,प्रबल राजपूत प्रधान संघ,नरेंद्र राजपूत,के सी राजपूत संपादक, भरत राजपूत,शिशुपाल सिंह राजपूत, जगदीश प्रसाद ,कुंन्तु प्रधान छपार,अनिल राजपूत, थान सिंह,अनूप राजपूत, राहुल राजपूत, हरिशंकर राजपूत, वीरेंद्र राजपूत, मिलन राजपूतआदि समाज के वरिष्ठ युवा ग्राम प्रधान एडवोकेट डॉक्टर ठेकेदार उपस्थित रहे इसमें वरिष्ठ जनों का सम्मान किया गया संचालन भरत राजपूत के द्वारा किया गया अन्त में सभी का आभार कृष्णपाल सिंह राजपूत पूर्व विधायक बबीना द्वारा किया गया।

# राजेश गर्ग,सुधीर धवन एवं राजेन्द्र गर्ग डबवाली सहित 6 को मिला राष्ट्रीय सेवा गौरव सम्मान

**वेलकम इंडिया**



**हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा) :** अखिल भारतीय सेवा संघ का प्रांतीय अधिवेशन हिसार के होटल पार्क सेंचुरी में आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि हिसार की विधायक सावित्री जिंदल रही ,परवीन जैन उनके प्रतिनिधि के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुए । इसके अतिरिक्त पार्षद भीम महाजन,पार्षद संजय डालमिया एवं प्रमुख समाजसेवी राजेश बंसल तथा गंगा हस्पताल के संचालक डॉ तरुण छाबड़ा विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए ।

अखिल भारतीय सेवा संघ के राष्ट्रीय महासचिव विनोद धवन ने बताया कि अधिवेशन में हिसार के राजेश गर्ग डब्वाली के राजेन्द्र गर्ग सिरसा के प्रमोद सचदेवा एवं गुरुग्राम के सुधीर धवन को संगठन में जनकल्याण हेतु उत्कृष्ट योगदान करने के लिए संगठन के सबसे बड़े सम्मान राष्ट्रीय सेवा गौरव से सम्मानित किया गया । इस अवसर पर डॉ तरुण छाबड़ा,मैडम सुधा कांत,पार्षद भीम महाजन,पार्षद संजय डालमिया तथा राजेश बंसल को सेवा रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया । कार्यक्रम में सिरसा,डब्वाली,हांसी,गुरुग्राम, एवं दिल्ली,ऐलनाबाद बरवाला ,रोहतक आदि शहरों से शाखाओं के पदाधिकारियों ने भाग लिया । कार्यक्रम के दौरान सभी शाखाओं ने अपनी अपनी सेवा प्रोजेक्ट रिपोर्ट रखी तथा सेवा कार्यो की समीक्षा की । कार्यक्रम के दौरान हिसार के सभी सदस्यों को तथा विभिन शहरों की शाखाओं के अध्यक्ष सचिव एवं कोषाध्यक्ष को शपथ दिलवाई गई । कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष इन्द्र गोयल ने की तथा डॉ योगेश बिदानी संरक्षक ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन संस्थापक एवं राष्ट्रीय महासचिव विनोद धवन ने किय्या । कार्यक्रम के दौरान हरियाणा के अध्यक्ष , सचिव व कोषाध्यक्ष का चुनाव किय्या गया जिसमें राजेन्द्र सपड़ा को अध्यक्ष,मुकेश वर्मा को महासचिव एवं रामचन्द्र गुप्ता को कोषड्यक्ष चुना गया इनको दायित्व की शपथ करवाई गई । बरवाला से महेंद्र सेतिया को प्रान्त के संरक्षक बनाया गया ।कार्यक्रम में सिरसा से शाखा अध्यक्ष सूरज बंसल,सचिव अशोक चाचाण डब्वाली से शाखा अध्यक्ष अंकुर गर्ग,सचिव गौरव शर्मा,हांसी से रमन बजाज,नरेंद्र नारंग ,बरवाला से अध्यक्ष पवन मालिक,सचिव हरीश सरदाना कोषाध्यक्ष सुदर्शन खुराना ऐलनाबाद से रामकिशन कम्बोज, सिरसा से संजीब मेहता,राजेश एवं स्थानीय शाखा हिसार से मुख्य संरक्षक सुशील गोयल,अध्यक्ष सुमित मित्तल,सचिव संजीव राजपाल,कोषड्यक्ष विनोद वर्मा, प्रंतीय सचिव सन्दीप भाटिया, ओमप्रकाश वधवा, विक्की रहेजा, जिला सचिव जतिन वधवा, हरीश गुलाटी,रंजीव राजपाल ,नरेंद्र ढुल , अजय ग्रोवर, दीपक गर्ग,धर्मेंद्र बंसल ,अजय गुप्ता ,सुनील मित्तल,विनोद सोनी , गिरिराज शर्मा, नरेंद्र चुघ, अलका सरदाना,मंजु,वीना चुघ, निशु वधवा, राजेश सलूजा, केवल कृष्ण आर्य, सुरुचि असीजा, आंखों की स्पेशलिस्ट डॉक्टर मैत्री छाबड़ा आदि मौजूद रहे ।

# उपचार के दौरान संभल में तैनात कास्टेबल की मौत परिजनों में मचा कोहराम

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



**जनपद बिजनौर नगीना।** संभल पुलिस लाइन में तैनात नगीना के विशाल कुमार की लखनऊ के एक अस्पताल में उपचार के दौरान निधन हो गया। मृतक पुलिस कर्मी प्रयागराज महाकुंभ में ड्यूटी के लिए गया था देर रात उसके निधन की सूचना परिजनों को मिली और सोमवार को संभल पुलिस उसका शव लेकर नगीना पहुंची। बिजनौर के बैराज घाट ले जाकर पूरे सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। स्थानीय मोहल्ला लाल सराय निवासी शीशराम सिंह रवि के पुत्र विशाल कुमार 40 वर्ष का 2011 में पुलिस कांस्टेबल के लिए चयन हो गया।

# बस की चपेट में आने से बाइक सवार हुआ घायल

**कांधला।** थाना क्षेत्र के कैराना मार्ग स्थित आल्दी बस स्टैंड के निकट प्राइवेट बस की चपेट में आकर मोटरसाइकिल सवार एक युवक घायल हो गया और मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने घायल युवख को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। सोमवार को सहारनपुर जनपद के कस्बा ननौता निवासी सागर पुत्र विनोद अपनी मोटरसाइकिल पर सवार होकर साबा कैराना की ओर जा रहा था। मोटरसाइकिल सवार जैसे ही थाना क्षेत्र के आल्दी बस स्टैंड के समीप पहुंचा तो पीछे से आ रही प्राइवेट बस ने अपनी चपेट में ले लिया बस की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया और मोटरसाइकिल बस के नीचे आने से क्षतिग्रस्त हो गई। बस चालक बस छोड़कर मौके से फरार हो गया।

# महिला शिक्षक संघ के कार्यक्रम में शैक्षिक स्तर सुधार पर मंथन

**वेलकम इंडिया**



**टाण्डा। भगतपुर**-टांडा ब्लॉक में सोमवार को महिला शिक्षक संघ की नई कार्यकारिणी का गठन एवं शैक्षिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अभिलाषा सक्सेना को अध्यक्ष, पिंकी पाल को महामंत्री और इंद्रेश कुमारी को कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई।कान्हा रेस्टोरेंट में आयोजित संगोष्ठी में संगोष्ठी में बच्चों के शैक्षिक स्तर को और अधिक सुदृढ़ बनाने पर गहन चर्चा हुई। इस कार्यक्रम में महिला शिक्षक संघ की जिलाध्यक्ष रितु त्यागी ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। साथ ही, अंजुला पाल एवं निधु देओल ने संघ के दायित्वों पर प्रकाश डाला। ब्लॉक भगतपुर टाण्डा की नवगठित कार्यकारिणी में अभिलाषा सक्सेना को अध्यक्ष, पिंकी पाल को महामंत्री,चंचल सिंह संयुक महामंत्री, इंद्रेश कुमारी कोषाध्यक्ष, सुमबुल इस्लाम उपाध्यक्ष, हेमलता आर्य, पुष्पा गौतम, संयुक्त मंत्री रुचि कश्यप, संगठन मंत्री विजयलक्ष्मी चार, अर्चना भटनागर, सीमा सिंह, सविता तिवारी, शाजिया अहसान,मंत्री कावेरी भटनागर, स्वेता रानी, कंचन सारण, कंचन नागर, शालिनी रस्तोगी, विप्रा गुप्ता, चारु यादव, वंदना रानी, सरिता रानी, सुगंध वाला, नीतू पांडे, गीता रानी, अन्नू, रिंकल, गायत्री ,गीता रानी आदि को संगठन में नामित करते हुए पदाधिकार पत्र वितरित किये गए।।कार्यक्रम के दौरान सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को फूलमालाओं एवं स्टॉल पहनाकर सम्मानित किया गया। साथ ही, सभी से अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का निष्ठा से निर्वहन करने का आह्वान किया गया।

# कलेक्ट्रेट सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आहूत हुई

**वेलकम इंडिया**



**बुलंदशहर।** जिलाधिकारी श्रुति की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आहूत हुई। बैठक में विभाग के शिक्षण कार्यों सहित अन्य कार्यों की विस्तृत रूप से समीक्षा करते हुए निर्देश दिए गए कि सभी समस्त खंड शिक्षा अधिकारी व अन्य अधिकारियों के द्वारा विद्यालयों के गुणवत्तापरक शत-प्रतिशत निरीक्षण किये जाये। अपार आई0 डी0 व यू-डायस कार्य को पूर्ण किया जाये। पी0 एम0 श्री विद्यालयों मे कराये गए कार्यों की गुणवत्ता का खंड शिक्षा अधिकारियो के द्वारा भौतिक रूप से सत्यापन किया जाये। विद्यालयों मे चल रहीं वार्षिक परीक्षा मे छात्र-छात्राओं की उपस्थिति शत प्रतिशत कराई जाए। निर्देशित किया गया कि विद्यालय में बच्चों को एम0डी0एम0 के अंतर्गत उपलब्ध कराये जा रहे भोजन की गुणवत्ता को सुनिश्चित कराया जाए। बच्चो को मेन्यू के अनुसार गुणवत्ता युक्त भोजन ही दिया जाए। समस्त परिषदीय विद्यालयों में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाएं समस्त खंड शिक्षा अधिकारियो को डी0 बी0 टी0 पर पेंडिंग डाटा के कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी कुलदीप मीना, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ लक्ष्मीकांत पांडेय, समस्त खंड शिक्षा अधिकारी व समस्त जिला समन्वयक एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# हिसार प्रेस क्लब ने शहीदी स्मारक हुसैनीवाला में जाकर श्रद्धांजलि अर्पित की

**वेलकम इंडिया**




**हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा) :** अमर शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के शहीदी दिवस पर हिसार प्रेस क्लब के एक प्रतिनिधिमंडल ने हुसैनीवाला शहीद स्मारक पर जाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रतिनिधिमंडल की अध्यक्षता हिसार प्रेस क्लब के प्रधान राज पराशर ने की। इस अवसर पर हिसार प्रेस क्लब के प्रधान राज पराशर ने बताया कि शहीद भगत सिंह और अन्य शहीदों ने समस्त देश के लिए कुबार्नी दी है। उन्होंने कहा कि बच्चों और खास कर नौजवानों को शहीद स्मारक पर जरूर आना चाहिए। इससे उनके दिल में देश प्रेम की भावना बढ़ेगी और शहीदों के लिए सम्मान बढ़ेगा। प्रतिनिधिमंडल ने शहीद भगत सिंह, शहीद सुखदेव सिंह, शहीद राजगुरू तथा शहीद भगत सिंह की माता बटकेश्वर दत्त और अन्य शहीदों की समाधि पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। क्लब के संरक्षक देवेंद्र उप्पल ने इस टूर को सफल करार देते हुए कहा कि ऐसे ज्ञानवर्धक टूर होते रहने चाहिए। प्रतिनिधिमंडल में पत्रकार प्रवीण सोनी, इकबाल सिंह, जगदीप श्योराण, नवप्रीत कौर, बिंदु शर्मा, विमल सरूप, राजकुमार, महेंद्र गोयल, प्रेम चहल आदि रहे।

# तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराई, एक युवक की मौत, तीन की हालत गंभीर

**वेलकम इंडिया**



**सिद्धार्थनगर।** सदर थाना क्षेत्र के नौगढ़ बांसी हाइवे मार्ग एन एच 28 पर सोमवार सुबह लगभग पांच बजे एक दर्दनाक सड़क हादस हुआ। जिसमें एक युवक की मौके पर मौत हो गई। वहीं तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

यह हादसा सुबह करीब 5 बजे आरटीओ कार्यालय के पास हुआ। बांसी की तरफ जा रही डिजायर कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में सदर थाना क्षेत्र के बेलसड़ निवासी साहिल (रफी के पुत्र) की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में तीन अन्य युवक सलमान, सारिक और फैजान गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चिकित्सकों के अनुसार उनकी स्थिति अभी गंभीर बनी हुई है।

# आपसी भाईचारे और सौहार्द का सन्देश देता है रोजा इफ्तारः हाजी मोहम्मद मुकीम

**वेलकम इंडिया**



**कठेला/सिद्धार्थनगर।** जिले के थाना कठेला मां समयमाता अन्तर्गत कठेला में जिला पंचायत सदस्य इजहार अहमद ने इफ्तार पार्टी का आयोजन किया। वहीं दूर-दूर से सपा नेता व समाजसेवी व रोजेदार रोजा इफ्तार पार्टी में मौजूद रहें। इस दौरान पूर्व सांसद हाजी मोहम्मद मुकीम ने मीडिया को बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य केवल रोजेदारों को एक मंच पर लाना नहीं था, बल्कि आपसी भाईचारे और सौहार्द का सन्देश देना भी था। इस इफ्तार पार्टी में विभिन्न समाजों, वर्गों और धर्मों के लोगों ने हिस्सा लिया और समाज में एकता और शान्ति का सन्देश दिया। रोजा इफ्तार के लिए विभिन्न प्रकार के व्यंजन, फल, खजूर, शरबत और अन्य खाद्य सामग्री की विशेष व्यवस्था की गई थी। जिला पंचायत सदस्य इजहार अहमद ने सुनिश्चित किया कि सभी रोजेदारों को रोजा इफ्तार के दौरान किसी भी तरह की असुविधा न हो। वहीं पूर्व सांसद हाजी मोहम्मद मुकीम ने कहा कि इस तरह के आयोजन समाज में एकता और भाईचारे को मजबूत करते हैं।

# आरएसएस कॉलेज में शारीरिक मूल्यांकन एवं फिटनेस परीक्षण कार्यक्रम आयोजित

**वेलकम इंडिया**

**बिजनौरः** आरएसएस कॉलेज धामपुर बिजनौर में युवा मामले एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के निदेर्शानुसार शारीरिक मूल्यांकन एवं फिटनेस परीक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बी.एस-सी (कृषि) के 95 छात्रों का फिटनेस परीक्षण किया गया। यह कार्यक्रम 20 मार्च 2025 से चल रहा है और 28 मार्च 2025 तक चलेगा। अब तक चार दिनों में 300 छात्रों का फिटनेस परीक्षण किया जा चुका है। यह कार्यक्रम कॉलेज की प्राचार्या प्रो रश्मि शर्मा रावल के निर्देशन व राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ रवि धनकड़ के नेतृत्व में चल रहा है। सर्वप्रथम उपस्थित सभी छात्र- छात्राओं का माय भारत पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करवाया। शारीरिक मूल्यांकन और फिटनेस परीक्षण में बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई), हैंड ग्रिप स्ट्रेंथ टेस्ट, एक मील की दौड़, पुश-अप्स, फ्लेमिंगो बैलेंस टेस्ट, आंशिक कर्ल अप, फिटनेस इंडेक्स आदि को शामिल किया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षक डॉ रवि धनकड़ ने छात्रों को शारीरिक मूल्यांकन एवं फिटनेस परीक्षण के महत्व के बारे में बताया। कार्यक्रम में आर बी डी महिला कॉलेज बिजनौर से गृह विज्ञान विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ मीनू सिरोही मुख्य वक्ता रही। उन्होंने कहा कि उच्च पोषण सामग्री वाला भोजन हमारी सहनशक्ति को बढ़ाता है और हमें बेहतर व्यायाम करने में मदद करता है। उन्होंने कहा कि पौष्टिक भोजन के बिना शारीरिक फिटनेस हासिल नहीं की जा सकती। छात्रों ने भी अपने अनुभव साझा किए और कहा कि यह कार्यक्रम उनके लिए बहुत उपयोगी रहा। इस कार्यक्रम के दौरान, तीन कार्यक्रम अधिकारियों को भी प्रशिक्षित किया गया, जिससे वे आगे भी इस प्रकार के कार्यक्रमों को आयोजित करने में सक्षम हो सकें।



# मथुरा में सौभरि समाज ने मनाया होली मिलन समारोह

वेलकम इंडिया




**मथुरा।** कहते है ब्रज में होली का बहुत बड़ा महत्व होता है और सबसे लम्बी होली ब्रज में ही मनाई जाती है। यहां भगवान श्री कृष्ण साक्षात अपने सखियों के साथ होली खेलने ग्वाल बाल के रूप में और राधा रानी अपनी सखियों के रूप में होली खेलने आज भी आते है। इसलिए विश्व भर से लोग यहां होली खेलने और देखने आते है।

इसी श्रृंखला में आज ब्रज के एक मात्र संत के वंशजों ने आज होली मिलन समारोह मनाया।

और सौभरी समाज के समस्त लोगों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और समाज के उत्थान के लिए समस्त लोगों ने अपने अपने विचार रखे। वहीं नोएडा से आए उद्योगपति एवं समाज के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित हरीश शर्मा और राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वहीं कार्यक्रम के संयोजक शिवदत्त पांडेय,महादेव पांडेय, देवकी नंदन शर्मा, बैनीराम शर्मा, दाऊदयाल शर्मा और बी एल पांडेय ने सभी को पटुका पहनाकर स्वागत किया। अपनी समाज को नई दिशा देने और युवाओं में ऊर्जा भरने के लिए भाजपा जिला अध्यक्ष निर्भय पांडेय ने भी अपनी गरिमामय उपस्थिति दर्ज कराई।और युवाओं से अनुरोध किया कि समाज हित में आगे आकर काम करे।उन्होंने अनुरोध करते हुए कहा कि मैं आपका बच्चा हूं समाज के लिए हर समाज उपलब्ध रहूंगा। तत्पश्चात उद्योगपति एवं अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित हरीश शर्मा ने समाज को संबोधित करते हुए कहा कि होली मिलन का मतलब ये नहीं कि हम आए और मिल कर चले गए होली मिलन का मतलब होता है बीती हुई एक साल की सभी बातों और गलतियों पर मिट्टी डाल कर एक दूसरे के साथ प्रेम और सद्भावनाओं के साथ रहे और समाज को आगे ली जाने के लिए काम करे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हरिप्रसाद सीह वालो ने कार्यक्रम को पूर्ण करते हुए कहा कि ऐसे ही समाज लोग मिल जुलकर कर रहे और आपसी प्रेम को बनाते हुए समाज को आगे बढ़ाने के विषय पर काम करे। कार्यक्रम में उपस्थित रहे गयाप्रसाद शर्मा, अध्यक्ष मथुरा इकाई, महावीर शर्मा ठेकेदार, प्रेम शंकर पांडेय, राम कटोर पांडेय,सीताराम शर्मा, नारायण शर्मा, राम खिलाड़ी शर्मा, बलवीर शर्मा, फतेराम शर्मा,राकेश शर्मा,सोनू पांडेय, खूबीराम पांडेय आदि लोग मौजूद रहे।

# अग्रवाल न्यूरो हेल्थ केयर में न्यूरोलॉजी और नेफ्रोलॉजी स्वास्थ्य शिविर सफलतापूर्वक संपन्न





वेलकम इंडिया

**मथुरा।** अग्रवाल न्यूरो हेल्थ केयर में आयोजित न्यूरोलॉजी और नेफ्रोलॉजी स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ों मरीजों ने लाभ उठाया शिविर में डॉ. प्रिंस अग्रवाल (न्यूरो फिजिशियन) ने मस्तिष्क, तंत्रिका तंत्र और रीढ़ की हड्डी से जुड़ी बीमारियों की जांच की, वहीं डॉ. रोहित पुरी (नेफ्रोलॉजिस्ट) ने किडनी और मूत्र से संबंधित रोगों का परामर्श दिया। मरीजों को निःशुल्क परामर्श, आवश्यक जांच और दवाइयां उपलब्ध कराई गईं।

शिविर का उद्देश्य गंभीर बीमारियों की समय पर पहचान और जागरूकता बढ़ाना था। मरीजों और उनके परिजनों ने इस पहल की सराहना की और अधिक से अधिक ऐसे शिविर आयोजित करने की मांग की।

# जनपद में दिनांक 25, 26 एवं 27 मार्च 2025 को आयोजित होंगे विविध कार्यक्रम-डीएम

वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर ने बताया है कि शासन की मंशाा के अनुसार केन्द्र सरकार के 10 वर्ष एवं प्रदेश सरकार के सेवा सुरक्षा एवं सुशासन नीति के सफलतापूर्वक 08 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपद में दिनांक 25, 26 और 27 मार्च 2025 को विकास भवन के डीपीआरसी हॉल में विविध कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे, जिसके अन्तर्गत विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी, स्टॉल, फूड कोर्ट, रोजगार मेला, आरोग्य मेला, ऋण वितरण, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि आयोजित होने वाले त्रिदिवसीय मेला/गोष्ठी/संवाद/प्रदर्शनी कार्यक्रम अन्तर्गत सरकार द्वारा किये गये कार्यो व चलायीं जा रहीं जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने हेतु विभिन्न विभागों जैसे-उद्योग, समाज कल्याण, प्रोबेशन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, दिव्यांगजन, पंचायती राज, आवास, स्वतः रोजगार, जल निगम, प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा, पुलिस विभाग कृषि, उद्यान, मत्स्य, अल्पसंख्यक कल्याण, सहकारिता, खेल, कौशल विकास, बैकर्स द्वारा ऋण मेला, वन विभाग, श्रम विभाग, बाल विकास, पशुपालन सहित सभी विभागों द्वारा स्टॉल/प्रदर्शनी के माध्यम से प्रचार-प्रसार करते हुए योजनाओं से सम्बंधित पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि त्रिदिवसीय कार्यक्रम के शुभारम्भ अवसर पर दिनांक 25 मार्च 2025 को मा0 राज्य मंत्री, ग्राम्य विकास एवं समग्र ग्राम विकास विभाग, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, उ0प्र0/प्रभारी मंत्री श्रीमती विजय लक्ष्मी गौतम जी द्वारा अपरान्ह 12 बजे से कार्यक्रम का भव्य शुभारम्भ किया जाएगा।

# राष्ट्रीय सेवक संघ ने मनाया बलिदान दिवस




**कांधला।** क्षेत्र के गांव रसूलपुर गुजरान में राष्ट्रीय सेवक संघ द्वारा 23 मार्च को बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया। शहीदों की तस्वीरों पर पुष्पमालाओं पहनाकर श्रद्धांजलि दी गई। क्षेत्र के गांव रसूलपुर गुजरान स्थित गोचर इंटर कोलिज में बीते रविवार को बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान शहीद भगत सिंह,राजगुरु,सुखदेव अमर रहे के नारे लगाए गए। कार्यक्रम में मौजूद युवाओं में भारी जोश दिखाई दिया। शहीद भगत सिंह,सुखदेव और राजगुरु के चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उनको याद कर सच्ची श्रद्धांजलि दी गई। शहीदों के बलिदान की कहानी सुनने के बाद युवाओं की आंखे नम हो गई। इस दौरान रामपाल सिंह, जिला प्रचारक कुलदीप, अरविंद कुमार, नेत्रपाल दरोगा जी, सुनील मुखिया, प्रमुख सागर, संजय प्रधान, राजकुमार, प्रवीण वशिष्ठ, अमित शास्त्री, यशपाल शर्मा, श्रीकांत शर्मा, डॉ नितिन कुमार, लक्ष्मण सिंह, अनुज कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# नेपाल के कुलपति ने ब्रज शिरोमणि उपाधि से किया लेखिका डा अनीता चौधरी को सम्मानित

वेलकम इंडिया




**मथुरा/वृंदावन।** भारत नेपाल साहित्य सांस्कृतिक महोत्सव-2025 का आयोजन उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा संचालित गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी 21 से 23 मार्च को किया गया।

क्रांतिधरा साहित्य अकादमी, मेरठ, (भारत) और चारू साहित्य प्रतिष्ठान (नेपाल) के साहित्यिक संस्थान ने गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी के सहयोग से हुए महोत्सव में नेपाल से 80 व भारत से 70 साहित्यकार, शिक्षाविद्, लेखक, कवि व अन्य प्रबुद्ध वर्ग के लोगों ने भाग लिया। इस मौके पर प्रथम सत्र में अन्य विशिष्ट अतिथियों के अलावा उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सीईओ एस बी सिंह और दूसरे सत्र में अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी किशन चंद्र दुबे ने दोनों देशों के प्राचीन संबंधों पर चर्चा की। अध्यक्षता कर रहे वर्ध घाट प्रज्ञा प्रतिष्ठान विश्वविद्यालय नेपाल के कुलपति डा घनश्याम न्यौपाने परिश्रमी, नेपाल की प्रमुख संस्था चारू साहित्य प्रतिष्ठान के अध्यक्ष डा देवी पंथी आदि ने संयुक्त रूप से ब्रज की प्रमुख साहित्यकार व गीतकार डा अनीता चौधरी को उनकी दीर्घकालिक साहित्य सेवाओं के लिए ₹ब्रज शिरोमणि सम्मान-2025₹ की उपाधि प्रदान कर सम्मानित किया। प्रथम सत्र में मुख्य अतिथि सेवायत राधारमण मंदिर, वृंदावन श्री पद्मनाभ गोस्वामी, डा उमेश चंद्र शर्मा, शिक्षाविद डा के के शर्मा आदि मंचस्थ रहे।

# नगर पालिका के वाटर कूलर में घोटाले का आरोप, सभासद ने की शिकायत

वेलकम इंडिया





**कांधला।** नगर पालिका द्वारा लगाए गए वाटर कुलर्स को मानकों के अनुसार ना लगाए जाने से नाराज सभासद ने उक्त वाटर कुलर्स का भुगतान रुकवाने और मानकों के अनुसार वाटर कुलर्स लगवाने की मांग करते हुए पालिकाध्यक्ष और अधिशाषी अधिकारी को पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की है।

नगर पालिका के वॉर्ड 5 में यशु सैनी वर्तमान में सभासद है। सभासद यशु सैनी ने पालिकाध्यक्ष और अधिशाषी अधिकारी को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि नगर पालिका द्वारा कस्बे में तीन वाटर कुलर्स लगवाए गए थे,जिनकी कीमत लगभग तेरह लाख रुपए थी। उसके बाद पालिकाध्यक्ष नजमुल इस्लाम द्वारा राज्य वित्त आयोग के अंतर्गत कस्बे में चार वाटर कुलर्स लगवाए गए। आरोप है कि उक्त चार वाटर कुलर्स को मानकों के अनुरूप नहीं लगाया गया है। आरोप है कि उक्त वाटर कुलर्स कम कीमत के लगाकर महंगे वाटर कुलर्स दिखाकर भुगतान कराने का प्रयास ठेकेदार द्वारा किया जा रहा है। सभासद ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त मामला चचाओं में आने पर आनन फानन में उक्त चारों वॉटर कुलर्स को बदल दिया गया है लेकिन उन के साथ लगाए स्टेबलाइजर आज भी लोकल कंपनी के लगाए गए है। आरोप है कि वॉटर कुलर्स पर बनी जाली की ऊंचाई भी दस फिट के स्थान पर आठ फीट कर दी गई है। सभासद यशु सैनी ने मामले को लेकर पालिकाध्यक्ष और अधिशाषी अधिकारी को शिकायती पत्र देते हुए वाटर कुलर्स को मानकों के अनुसार लगाने, भुगतान रोकने और भविष्य में इस प्रकार के व्यक्ति से पालिका का कोई विकास कार्य ना कराए जाने की मांग की है।

# बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में सोमवार से वार्षिक परीक्षा प्रारंभ

वेलकम इंडिया/चरन सिंह




**बरेली।** बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में सोमवार से वार्षिक परीक्षा शुरू हो गई। ये परीक्षा दो पालियों में हो रही है, प्रत्येक स्कूल में नकल विहीन परीक्षा हो सके, इसके लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय सिंह द्वारा सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को अपने-अपने विकास क्षेत्रों में भ्रमणशील रहकर शुचितापूर्ण परीक्षा कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सुबह साढ़े नौ बजे से परीक्षाएं शुरू हो गई, इन परीक्षाओं के बाद कक्षा पांच की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन न्याय पंचायत (संकुल) व आठवीं कक्षा की कॉपियों का मूल्यांकन ब्लॉक संसाधन केंद्र (बीआरसी) स्तर पर कराया जाएगा।

इससे पहले प्रश्नपत्रों की छपाई कराकर 22 मार्च तक संबंधित ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) के माध्यम से विद्यालयों में पेपर भेज दिए गए थे। वही उत्तर पुस्तिकाओं के क्रय करने लिए समस्त प्रधानाध्यापक और इंचार्ज अध्यापकों को कंपोजिट ग्रांट से व्यवस्था करने के लिए निर्देश दिए गए हैं, कक्षा दो व तीन में लिखित व मौखिक परीक्षा का पूर्णांक 25-25 अंकों और चार व कक्षा पांच में लिखित व मौखिक परीक्षा का पूर्णांक 70 और 30 अंकों का रहेगा। इसी के साथ कक्षा छह से आठवीं तक के विद्यार्थी 50 अंकों की लिखित परीक्षा होगी। इसमें बहु विकल्पीय प्रश्न 10 अंक, अति लघु उत्तरीय प्रश्न 10 अंक, लघु उत्तरीय प्रश्न 20 अंक व दीर्घ उत्तरीय प्रश्न 10 अंक के होंगे। वार्षिक परीक्षा में लिखित परीक्षा की अवधि दो घंटे होगी व मौखिक परीक्षा की समयावधि प्रधानाध्यापक आवश्यकतानुसार निर्धारित कर सकेंगे।

# आम के बाग में फांसी के फंदे पर लटका मिला युवक का शव

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव जसाला के निकट एक आम के बाग में 20 वर्षीय युवक का फांसी लगा शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर शिनाख्त कर घटना की जानकारी परिजनों को दी। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर मौका मुआयना किया है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया है। रविवार की देर शाम पुलिस को सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के गांव जसाला के निकट आम के बाग में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना मिलते ही पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। घटनास्थल पर थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह एवं खंद्रावली चौकी प्रभारी पुष्पेंद्र कुमार पुलिस बल के साथ पहुंचे, और युवक के शव को फांसी के फंदे से नीचे उतरा। पुलिस ने मृतक युवक की शिनाख्त विराट पुत्र नरेश निवासी ग्राम किवाना के रूप में की और घटना की जानकारी मृतक युवक के परिजनों को दी।

# पशु तस्करों की पुलिस से मुठभेड़, एक को लगी गोली



वेलकम इंडिया

**झांसी!** अपराधियों के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम के तहत देर रात एसओजी टीम व रक्सा पुलिस की पशु तस्करों से मुठभेड़ हो गयी। पशु तस्करों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी, जवाबी फायरिंग में एक शातिर बदमाश राशिद उर्फ पिस्टन के पैर में गोली लगी, जबकि उसके साथी सलमान ने सरेंडर कर दिया। मौके से पिकअप वाहन में आधा दर्जन भैसें बरामद की गयीं हैं। एसपी सिटी ने बताया राशिद उर्फ पिस्टन पर 40 से ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं।

वीओ - बताया गया कि एसओजी टीम को सूचना मिली थी कि कुछ पशु तस्कर देर रात मध्यप्रदेश से पशु चोरी कर ले जा रहे हैं। इस सूचना पर एसओजी टीम ने रक्सा पुलिस के साथ मिलकर बदमाशों की घेराबंदी की। पुलिस ने जब पिकअप गाड़ी को रोकने की कोशिश की तो उन्होंने फायरिंग कर दी।

# बरेली में बड़ा हादसा: सिलिंडर फटने से गैस एजेंसी का तहस नहस, धमाकों से दहला पूरा इलाका

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** थाना बिथरी चैनपुर क्षेत्र के रजऊ परसपुर में सोमवार दोपहर दिल दहला देने वाला हादसा हो गया। महालक्ष्मी गैस एजेंसी के गोदाम में सिलिंडर फटने से जबरदस्त धमाका हुआ, जिसने पूरे गोदाम को आग की लपटों में समेट लिया। धमाके इतने भीषण थे, कि इलाके में अफरा-तफरी मच गई, और आग की लपटें दूर से ही नजर आने लगीं। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे गैस गोदाम पूरी तरह तबाह हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, धमाके इतने शक्तिशाली थे कि सिलिंडरों के टुकड़े 500 मीटर दूर तक जाकर गिरे। खेतों और आसपास के इलाके में सिलिंडरों के टुकड़े बिखरे पड़े मिले, जिससे पूरे गांव में दहशत फैल गई। जैसे ही धमाकों की आवाज गूंजी, ग्रामीण अपने-अपने घरों से बाहर निकल आए। घटना का वीडियो भी लोगों ने मोबाइल में कैद कर लिया, जो अब तेजी से वायरल हो रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोमवार को गैस एजेंसी में सिलिंडरों से भरा एक ट्रक खड़ा था। इसी दौरान ट्रक के केबिन में अचानक आग लग गई, जिसने पहले उसमें रखे एक सिलिंडर को चपेट में लिया। पहला धमाका होते ही आग तेजी से फैल गई और देखते ही देखते पूरा ट्रक और गैस गोदाम आग की लपटों में घिर गया। इसके बाद सिलिंडर एक के बाद एक फटते चले गए और पूरा इलाका धमाकों की गूंज से दहल उठा। जिस गैस एजेंसी गोदाम में यह हादसा हुआ, वह सोमवार को बंद रहती है। घटना के समय वहां सिर्फ चौकीदार और ट्रक चालक मौजूद थे, जो समय रहते वहां से भाग निकले और अपनी जान बचा ली।

# दबंगों का आतंक: स्पेयर पार्ट्स की दुकान में तोड़फोड़, महिलाओं पर हमला

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** जिले के फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र में दबंगों ने एक मोटरसाइकिल मरम्मत की दुकान पर हमला कर तोड़फोड़ और लूटपाट की। पीड़ित परिवार का आरोप है कि विरोध करने पर दबंगों ने घर की महिलाओं के साथ भी मारपीट की, जिससे तीन महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ये घटना माधौपुर माफी गांव की बताई जा रही है, जहां राजा बाबू की मोटरसाइकिल मकैनिक की दुकान में राज कुमार, मुकेश राजपूत, योगेंद्र राजपूत, राकेश राजपूत और राजेश राजपूत समेत 15 लोगों ने अवैध हथियारों के साथ घुसकर बैटरी, इनवर्टर, सीसीटीवी कैमरा, एलईडी टीवी, वेल्डिंग मशीन, टायर और अन्य कीमती सामान लूट लिया। दुकान के शटर और गेट को भी तोड़ दिया गया। इस घटना के बाद जब घर की महिलाएं टूटा-फूटा सामान समेट रही थीं, तभी आरोपियों ने उन पर भी हमला कर दिया। जिसमें तीन महिलाओं को गंभीर चोटें आईं हैं, जिन्हे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़िता ने बताया है कि पुलिस ने पहले शिकायत दर्ज करने से इंकार कर दिया और कोर्ट जाने की सलाह दी।

अब पुलिस ने 15 आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। फतेहगंज पश्चिमी पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# एमआईईटी में 26 मार्च से तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव 'कोलाहल 2025' का आगाज

वेलकम इंडिया




**उज्ज्वल रस्तोगी वरिष्ठ पत्रकार । मेरठ।** बागपत बाईपास स्थित एमआईईटी संस्थान में तीन दिवसीय सांस्कृतिक वार्षिकोत्सव 'कोलाहल 2025' की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। सोमवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में आयोजकों ने कार्यक्रम की रूपरेखा साझा की। मुख्य आयोजक डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. हनी तोमर ने जानकारी दी कि इस वर्ष 'कोलाहल' का यह 14वां संस्करण होगा, जो 26 मार्च से 28 मार्च 2025 तक चलेगा।

डॉ. तोमर ने बताया कि तीनों दिन अलग-अलग थीम पर रंगारंग प्रस्तुतियां आयोजित की जाएंगी। प्रथम दिन, 26 मार्च को म्यूजिकल गायन, स्वर संगम, फैशन शो और डीजे नाइट जैसे कार्यक्रम होंगे। दूसरे दिन, 27 मार्च को फॉक्सट्रॉट डांसिंग और बैटल ऑफ बैंड्स की रोमांचक प्रतियोगिताएं एवं मदारी बैंड की लाइव परफॉरमेंस होंगी। समापन दिवस, 28 मार्च को, विभिन्न मेधावी छात्रों को सम्मानित किया जाएगा, साथ ही रंगमंच नाटक और ओपन माइक जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण पंजाबी संगीत के लोकप्रिय सितारे जस्सी गिल और बब्बल राय की लाइव परफॉर्मेंस होगी, जिसमें वे अपने हिट गाने 'बापू जमीदार', 'निकले करंट', 'गिटार सिखदा', 'तेरे लेई', 'कुड़ी तू पटाका', 'यार जट्ट दे', 'जट दे टिकने' और 'गब्बरू' जैसे गीतों से समां बांधेंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान एमआईईटी ग्रुप के मीडिया मैनेजर अजय चौधरी, डॉ. हनी तोमर, अखिल गौतम, छात्र कमेटी से शिवांश जिंदल, हर्षित गोयल, अभिषेक मिश्रा, अथर्व गुप्ता, दिव्यांशी दीक्षित और उत्कर्ष गर्ग समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# डॉ. सुनील चौरसिया 'सावन' और डॉ. नीरजा बसन्ती की पुस्तकों का लोकार्पण

वेलकम इंडिया




**गोरखपुर।** गांधी विचार मंच, गोरखपुर के द्वारा होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन हुआ जिसमें साहित्यकारों एवं गायकों ने अपनी कविताओं एवं गीतों से समां बांधा। डॉ. सुनील चौरसिया 'सावन' के मंच संचालन में उपन्यासकार एवं कवयित्री डॉ. नीरजा बसंती ने मधुर होली गीत 'फागुनी रंगों में रंगी हैं फिजाएं, पर्ण होते पीत टेसू मुस्कुराएं' प्रस्तुत कर तालियां बटोरीं। उन्होंने अपने उपन्यास 'देहरी की आंच' के संदर्भ में विस्तार से बताया। गायिका वीणा के सामूहिक संगीतमय प्रस्तुति ने खूब वाहवाही लूटी।

कवि सावन ने अपने काव्य संग्रह 'हाय री ! कुमुदिनी' के संदर्भ में बताया कि इसमें श्रीमद्भगवद्गीता के द्वितीय अध्याय सांख्ययोग का छायानुवाद प्रकाशित है। यह उनका दूसरा काव्य संग्रह है जिसमें शिक्षा, संस्कृति, संगीत, कला, अध्यात्म इत्यादि विषयों पर 51 कविताएं संकलित हैं। उन्होंने अपने काव्य संग्रह से होली में रंग बरसाना है नामक गीत एवं पत्थर का एक टुकड़ा नामक छन्दमुक्त कविता प्रस्तुत कीं। हर वर्ष की भांति गांधी विचार मंच गोरखपुर के बैनर तले पीसी गुप्ता के आवास पर आयोजित होली मिलन के दौरान रसिकों ने एक दूसरे को रंग एवं अबीर लगाकर खुशियां बांटीं। महामंत्री उमेश चौरसिया ने सबके प्रति आभार व्यक्त किया तथा युवा कवि डॉ. सुनील चौरसिया 'सावन' एवं डॉ. नीरजा बसन्ती की रचनाओं पर भावपूर्ण प्रकाश डाला। मनोरमा चौरसिया, प्रीति , सुप्रीति, रामकेवल चौरसिया, शैलेंद्र , सन्दीप, वन्दना प्रियंका, अजय चौरसिया, एस एन गुप्ता, विकास चौरसिया, रवि प्रकाश, पिन्टू, दिलीप कुमार चौरसिया, कृष्णा चौरसिया इत्यादि की गरिमामय उपस्थित रही।

## भाकियू जिला मुख्यालय पर हुआ रक्तदान शिविर का आयोजन



वेलकम इंडिया

**शिकारपुर/बुलंदशहर/** शहादत दिवस के मौके पर भाकियू टिकैत बुलंदशहर के जिला मुख्यालय सलेमपुर पर बुलंद चैरिटेबल ब्लड सेंटर के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।जिसका शुभारंभ चौधरी गौरव टिकैत ( राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा )के द्वारा किया गया। जिला बुलंदशहर में जिला मुख्यालय सलेमपुर में पहली बार पधारे विश्व चैम्पियन बॉडीबिल्डर अनुज तालियान एवं मिस्टर एशिया रहे अमित चौधरी का भाकियू नेता दीपक चौधरी एवं उनकी टीम के द्वारा फूल माला पहनाकर एवं पुष्प वर्षा कर स्वागत सम्मान किया गया। इस मौके पर संगठन एवं क्षेत्र के सभी जिम्मेदार गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## घर में घुसकर छेड़छाड़ करने का लगाया आरोप

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव डांगरौल निवासी एक महिला ने पड़ोसी व्यक्ति पर छेड़खानी करने का आरोप लगाया है पीड़िता ने विरोध करने पर आरोपी पर मारपीट करने का आरोप लगाया है पुलिस ने महिला का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के गांव डांगरोल निवासी एक महिला ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि पीड़िता का पति किसी कार्य से बाहर गया हुआ था।और वह घर पर अकेली थी आरोप है कि तभी पड़ोस का एक व्यक्ति मौका पाकर पीड़िता के घर में घुस आया और उसके साथ छेड़खानी करते हुए उसे बुरी नीयत से दबोच लिया। विरोध करने पर आरोपी ने मारपीट कर दी और मौके से फरार हो गया। पीड़ित महिला ने आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने महिला का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद कार्रवाई का आश्वासन देते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। दूसरी और क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी 18 वर्षीय पुत्री घर से संदिग्ध परिस्थितियों में कहीं लापता हो गई।

## अंतर्राष्ट्रीय अतिथि व्याख्यान का हुआ आयोजन

वेलकम इंडिया



**उज्ज्वल रस्तोगी वरिष्ठ पत्रकार ।मेरठ।** मेरठ शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय मेरठ में इतिहास विभाग ,भारतीय प्रज्ञान परिषद ,प्रज्ञा प्रवाह मेरठ आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चियन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय अतिथि व्याख्यान का आयोजन प्रशासनिक भवन के स्मार्ट कक्ष में अपराह्न आयोजित किया गया सरस्वतीजी पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पण कर महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर अंजू सिंह ने कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के साथ किया । इस अतिथि व्याख्यान के पुरोधा प्रोफेसर डा अनुरा मनातुंगा, पुरातत्व विभाग केलावण्या विश्वविद्यालय श्रीलंका से आमंत्रित थे , उनके ओजस्विता पूर्ण वक्तव्य का मुख्य विषय सिगरिया का अवलोकन विश्व संरक्षण स्थल के रूप में रहा ।उन्होंने सिगरिया के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला और पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से श्रोताओं को श्रीलंका की एक खूबसूरत छवि प्रस्तुत की ।उन्होंने बताया कि प्राचीन काल से ही श्रीलंका और भारत के अत्यंत प्रगाढ़ संबंध रहे थे और यही कारण है कि रामायण जैसी महत्वपूर्ण घटना में हमें श्रीलंका के बोहोत से साक्ष्य मिलते हैं उनके अनुसार विश्व के महत्वपूर्ण पुरातात्विक स्थलों की खोज के साथ साथ उनका संरक्षण भी अत्यंत आवश्यक हैं और यूनेस्को इस क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है । प्रोफेसर अनुरा मनतुंगा ने महाविद्यालय में अपने प्रस्तुतिकरण हेतु महाविद्यालय की प्राचार्य तथा इतिहास विभाग को साधुवाद प्रेषित किया , प्राचार्य प्रोफेसर अंजू सिंह ने इस अतिथि व्याख्यान के आयोजन पर इतिहास विभाग को बधाई दी और ऐसे अंतरराष्ट्रीय संबंधों पर आधारित व्याख्यान प्रस्तुतीकरण को महाविद्यालय के लिए एक महत्वपूर्ण आयोजन बताया । आई क्यू ए सी समन्वयक प्रो लता कुमार ने इस आयोजन को महाविद्यालय के शैक्षणिक उन्नयन हेतु आवश्यक बताया । इतिहास विभाग के प्रोफेसर अनीता गोस्वामी और डॉक्टर राजकुमार सिंह ने शॉल उड़ाकर तथा पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया महाविद्यालय प्राचार्य ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया ।धन्यवाद प्रस्ताव का वाचन डॉक्टर राज कुमार सिंह ने किया । इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी विभागों की छात्राओं के साथ साथ प्राध्यापकों ने भी अत्यंत रुचि के साथ सहभाग किया कार्यक्रम का संचालन एवं संयोजन प्रोफेसर अनीता गोस्वामी ने किया ।

## बागपत के विपुल जैन को नई दिल्ली में किया गया शहीद भगत सिंह समाज सेवा अवार्ड 2025 से सम्मानित

वेलकम इंडिया



**नई दिल्ली।** प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता, नेशनल अवार्डी व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित बागपत के वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन को नई दिल्ली में आयोजित एक भव्य समारोह में शहीद भगत सिंह समाज सेवा अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया। विपुल जैन को यह सम्मान समाजसेवा, साम्प्रदायिक सौहार्द बढ़ाने जैसे अनेकों सामाजिक कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने के लिए प्रदान किया गया। आयोजनकर्त्ता शहीद भगत सिंह सोशल वेलफेयर सोसायटी के चेयरमैन इन्द्रजीत सिंह अस्त व अन्तर्राष्ट्रीय सिख नेता जगजीत सिंह मुद्दड़ ने विपुल जैन को पटका पहनाकर, प्रतीक चिन्ह व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। शहीद भगत सिंह सोशल वेलफेयर सोसायटी द्वारा आयोजित इस सम्मान समारोह में दिल्ली एनसीआर की जानी-मानी हस्तियों ने शिरकत की। इस अवसर पर तिहाड़ जेल के जेलर राजेश, शहीद भगत सिंह सोशल वेलफेयर सोसायटी के सीनियर वाइस प्रेजिडेन्ट हरविंदर सिंह शोखी, अन्तर्राष्ट्रीय सिख नेता जगजीत सिंह मुद्दड़, प्रमुख समाजसेविका सरबजीत कौर, शोभा चौधरी सहित सैंकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## बदलते हुए शैक्षिक दृष्टिकोणों के अनुरूप शिक्षा के महत्व पर जोर दिया : चेयरमैन सुरेन्द्र बेरवाल




वेलकम इंडिया

**हांसी ।** मनमोहन शर्मा जीन्द रोड़ पर स्थित इन्दिरा कालोनी हैप्पी पब्लिक स्कूल में नवरसंगम मनोभाव का वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया । समारोह के मुख्य अतिथि देश विदेश में नामी वर्ल्ड मेडलिस्ट सुनीता शर्मा मुख्य सुनीता शर्मा व भीम अवार्ड, पूजा सिहाग ब्रोंज मेडल कॉमनवेल्थ गेम 2022 व उषा शर्मा सिहाग पहली भारतीय महिला प्रशिक्षक डॉ मोनिका गोल्ड मेडलिस्ट व साइंटिस्ट थें । जबकि अध्यक्षता स्कूल के चेयरमैन सुरेंद्र बेरवाल ने की। इस दौरान स्कूल के समग्र विकास और उत्कृष्टता की यात्रा पर अपने विचार व्यक्त करते हुए, बदलते हुए शैक्षिक दृष्टिकोणों के अनुरूप शिक्षा के महत्व पर जोर दिया ।इस अवसर पर स्कूल के छात्र-छात्राओं ने बहुत ही मनमोहक शानदार प्रस्तुति दी ।इस अवसर पर स्कूल के छात्रों ने दर्शकों के समक्षरामराज की झांकी निकाली गई बच्चे मनमोहन परिधान में नजर आए ।बच्चों ने सनातन संस्कृतिको दशार्ते हुए बहुत ही शानदार प्रस्तुति दी ।बच्चों के शानदार कला कौशल ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया । छात्र-छात्राओं द्वारा पुराने समय के जीवन मैं आधुनिक जीवन शैलीमैं आई बदलाव को लेकर का मंचन किया । माता-पिता को यह संदेश दिया कि मोबाइल का उपयोग किस प्रकार जीवन में ज्यादा हानिकारक हो सकता है ।स्कूल प्रबंधक द्वारा छात्राओं में अभिभावकों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम में पहुँच सभी अतिथि का स्वागत व स्मृतिचिन्ह देकर उन्हे सम्मानित किया।

## राष्ट्र चेतना मिशन ने भव्यता से मनाया शहीद दिवस, 1100 दीप जलाकर क्रांतिकारियों को दी श्रद्धांजलि

वेलकम इंडिया



**बुलंदशहर।** देश के महान युवा क्रांतिकारी सरदार भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव के 94वें बलिदान दिवस पर राष्ट्र चेतना मिशन ने राष्ट्र वंदन समारोह के माध्यम से शहीद चौक पर 1100 दीप जलाकर अमर शहीदों को नमन किया। देर रात्रि तक चले कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गणमान्य लोग एवं दर्जनों युवा सम्मिलित रहे।

प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी अमर क्रांतिकारी भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव के बलिदान दिवस की संध्या पर राष्ट्र चेतना मिशन की ओर से 21वीं बार आयोजित भव्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे श्री पंचदशनाम जूना अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर पूज्य स्वामी यतींद्रानंद गिरी जी महाराज ने सर्वप्रथम सरदार भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर क्रांतिकारियों को नमन किया।

उनके उपरांत अन्य अतिथिगण विधायक लक्ष्मीराज सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष दीप्ति मित्तल, वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश कुमार धन्नू, पूर्व जिलाध्यक्ष अनिल सिसोदिया, आजाद पब्लिक स्कूल के चेयरमैन वासिक आजाद एवं शारिक आजाद, उद्योग व्यापार मंडल चेयरमैन राजेन्द्र अग्रवाल, क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय सह सचिव पृथ्वीराज सिंह, वरिष्ठ कवि देवेन्द्र मिजार्पुरी, आदि सहित दर्जनों लोगों ने भारत माता के विशाल मानचित्र में 1100 दीप जलाकर देश की आजादी हेतु बलिदान हुए समस्त क्रान्तिकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उपस्थित दर्जनों लोगों ने शहीद स्मारक परिसर में दिन भर संगठन के कार्यकताओं और निकुंज तोमर टीम द्वारा फूलों और दीपकों से बनाए गए भारत के भव्य एवं विशाल मानचित्र में सुसज्जित शहीदों की प्रतिमाओं के चारों ओर बड़ी संख्या में दीप जलाकर देश की आजादी में अपना जीवन बलिदान करने वाले सभी अमर शहीदों को नमन किया। संबोधन के दौरान उक्त सभी अतिथियों ने भारत के स्वतंत्रता संघर्ष में अपना सर्वस्व कुर्बान करने वाले असंख्य क्रांतिकारियों के योगदान का वर्णन करते हुए आज की युवा पीढ़ी को भी राष्ट्र रक्षा हेतु उनसे प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

## मथुरा वृंदावन के विधायक श्रीकांत शर्मा से मिला पार्षदों का प्रतिनिधि मंडल



वेलकम इंडिया

**मथुरा।** मथुरा-वृन्दावन नगर निगम के पार्षदों ने गंगाजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु विधायक श्रीकांत शर्मा से मुलाकात की। वार्ड 47 के पार्षद प्रति तिलकवीर चौधरी, वार्ड 68 के पार्षद कुलदीप पाठक,वार्ड 31 के पार्षद मुन्ना मलिक ने कहा नगर निगम मथुरा-वृन्दावन में केवल 25 एम०एल०डी० गंगाजल की आपूर्ति की जाती है। वर्तमान में ग्रीष्म ऋतु का आवागमन हो चुका है। जिसको दृष्टिगत रखते हुये वार्ड सं0-31,37.44.47 एवं 68 के अतिरिक्त जिन क्षेत्रों में गंगाजल की आपूर्ति नहीं हो रही है, उन सभी क्षेत्रवासियों को पेयजल की काफी परेशानी का सामना करना पड रहा है। विधायक श्रीकांत शर्मा से कहा नगर निगम मथुरा-वृन्दावन क्षेत्रान्तर्गत के लिये 150 एम०एल०डी० गंगाजल की आपूर्ति कराये जाने हेतु मा० मुख्यमंत्री जी महोदय से अपने स्तर से नगर निगम मथुरा-वृन्दावन के लिये पेयजल की स्थायी समस्या को निराकरण कराये जाने का कष्ट करें।

## महिला ने पड़ोसी व्यक्ति पर लगाया सर में ईंट मार कर घायल करने का आरोप

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव नाला निवासी एक महिला ने पड़ोस के व्यक्ति पर मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाया है घायल महिला ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद आरोपी के विरुद्ध थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के गांव नाला निवासी महिला राजेश पत्नी जितेंद्र ने बताया कि पड़ोस का एक व्यक्ति पीड़िता के परिवार से रंजिश रखता है। आरोप है कि सोमवार सवेरे पीड़िता अपने घर पर बैठी हुई थीं तभी आरोपी ने गाली गलौज करनी शुरू कर दी। आरोप है कि विरोध करने पर आरोपी ने पीड़िता के सिर में ईंट मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। शौर शराबा होने पर आरोपी मौके से फरार हो गया। परिजनों ने घायल महिला को उपचार के लिए राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल महिला को जिला अस्पताल के लिए रेफर किया है। महिला ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद परिजनों के संग थाने पहुंचकर आरोपी के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# लखनऊ में रोहित लोधी और मनोज लोधी की हत्या के संबंध में मुआवजे,नौकरी और त्वरित न्याय की मांग सीओ को दिया ज्ञापन

वेलकम इंडिया

**डिबाई।** लखनऊ के काकोरी क्षेत्र में दिनांक 21 मार्च 2025 को रोहित लोधी (उम्र 26 वर्ष रेलवे कर्मचारी) और मनोज लोधी (उम्र 25 वर्ष, आईटीआई छात्र) की गला रेतकर हुई निर्मम हत्या के मामले में लोधी समाज के प्रतिनिधि द्वारा एक ज्ञापन डिबाई पुलिस क्षेत्राधिकारी शोभित कुमार को प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ के नाम सौंपकर कडी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। बरकताबाद-खुरूमपुर मार्ग काकोरी, लखनऊ के दोनों युवकों की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या की गई। प्रारंभिक जांच में निजी रंजिश को कारण माना जा रहा है। पुलिस ने मुख्य संदिग्धों,जिनमें एक कांस्टेबल और उसकी पत्नी शामिल हैं को गिरफ्तार भी किया है ।रोहित और मनोज अपने परिवार के मुख्य कमाई करने वाले सदस्य थे। उनकी मृत्यु से परिवार आर्थिक और भावनात्मक रूप से पूरी तरह टूट गया है।

इस लिए निम्नलिखित मांगों के साथ यह ज्ञापन सौंपकर अवगत कराया है कि मृतकों के परिवारों को उनकी आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए कम से कम 50 लाख रुपये प्रति परिवार का मुआवजा प्रदान किया जाए।



# व्यापारी समागम एवं सम्मान समारोह का आयोजन

**वेलकम इंडिया**



**हाथरस ।** फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया व्यापार मंडल के द्वारा विशाल व्यापारी समागम एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन रविवार को शहर के अलीगढ़ रोड स्थित श्री जी फार्म हाउस पर संपन्न हुआ। उद्योगपतियों और व्यापारियों से खचा-खच भरे पंडाल में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुनील सिंधी चैयरमैन राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड भारत सरकार ने कहा कि देश मे आज व्यापारी अपने को सुरक्षित महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा कि एक अप्रैल से लागू 2025 के बजट में सरकार ने अनेकों योजनाएं व्यापारी हित मे बनाई हैं। जिनका लाभ उद्योगों और व्यापारियों को मिलने जा रहा है। फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह सोबती ने कहा कि इसमें कोई दो राय नहीं है कि व्यापारी को देश और प्रदेश में सुरक्षित माहौल नही मिल रहा है लेकिन आज भी अफसर शाही खुलकर व्यापारी का आर्थिक शोषण करती है। उन्होंने आगे कहा कि व्यापारी को सिंगल विंडो प्रणाली आज तक उपलब्ध नहीं कराई गई। हमारा व्यापारी महंगी बिजली दर में कैसे प्रतिस्पर्धा करे। उन्होंने व्यापारीयों को राहत के लिये सत्रह सूत्रीय ज्ञापन सिंघी जी को सौंपा। जिस पर हर सम्भव अधिक से अधिक राहत का आब्श्वासन सिंघी जी ने दिया। व्यापारी कल्याण बोर्ड के राष्ट्रीय सदस्य देबेश रस्तोगी ने कहा कि सरकार की ढेरों वित्तीय योजनाएं व्यापारी हित मे चल रही हैं। व्यापारी अधिक से अधिक लाभान्वित हो यही सरकार का प्रयास है। फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने कहा कि स्वउत्पादन को प्रोत्साहन मिलने पर ही भारत उन्नत राष्ट्र बनेगा। इसलिये स्वदेशी पर हमारा जोर रहना चाहिये। विशिष्ट अतिथि लोकप्रिय सांसद अनूप प्रधान ने कहा कि व्यापारी की सम्रद्धि में ही सबकी सम्रद्धि है। सादाबाद विधायक प्रदीप चौधरी गुड्डू ने कहा कि मैं भी एक व्यापारी हूँ और व्यापारियों की पीड़ा भली भांति जानता हूँ। इस दौरान मंचासीन अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी, लोकदल जिलाध्यक्ष श्याम प्रधान, ठाकुर राजेश सिंह सिंह गुड्डू भैया, प्रमुख उद्योगपति एवं समाजसेवी ओंकार नाथ अग्रवाल, राम अवतार अग्रवाल, नन्नूमल गुप्ता चंचल सुपारी वाले थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता उद्योगपति प्रमुख समाजसेवी दीपक बूटिया ने की। कार्यक्रम का सफल संचालन अतुल आंधीवाल द्वारा बड़े सुचारू ढंग से किया गया। डॉक्टर उपेंद्र झा कवि एवं साहित्यकार और फेडरेशन के परम हितैषी ने काव्य पाठ के माध्यम से आगुन्तको में जोश भर दिया। कार्यक्रम की सफलता के लिए दीपक बूटिया ने व्यापारी एवं उद्योग बन्धुओं का आभार व्यक्त कर धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में देवेंद्र मोहता, प्रदीप गोयल, अभय अग्रवाल, पिंकी रवण उद्योग, नितिन अग्रवाल नमकीन वाले, सत्य प्रकाश शर्मा रंगीला गुरु, राजकुमार कोठीवाल, पवन पोरुष, सुनील अग्रवाल एनएसएस, लोकेश अग्रवाल हींग वाले, नरेश वर्मा, रवि वर्मा, ओमप्रकाश कलसा वाले, ओमप्रकाश मार्केट वाले, मदन गोपाल भगत जी, कमल वर्मा, राहुल वर्मा, पंडित दिनेश आर्य, शिवम गुप्ता, जलज अग्रवाल, सुनील पंडित, संजीव अग्रवाल मैडू वाले, रौनक गुप्ता अलीगढ़ सहित मथुरा से जिला अध्यक्ष यशपाल सिंह, जिला महामंत्री सुभाष सैनी, कन्हैया दास, अतुल शोरा वाले, चंद्रमोहन बंसल, नितिन कर्दम, वाई पी शर्मा आदि रहे तथा आगरा से जिला महामंत्री ब्रजेश पण्डित तथा सैंकड़ो की संख्या में व्यापारी व उद्योगपति मौजूद रहे।

# अग्रवाल महिला मंडल के द्वारा होली मिलन समारोह आयोजित किया गया

**वेलकम इंडिया**



**प्रयागराज।** सिविल लाइसं स्थित होटल ब्लू डायमंड मे अग्रवाल महिला मंडल के द्वारा होली मिलन समारोह आयोजित किया गया । कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती पारुल अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया महिला मंडल की अध्यक्षया श्रीमती अंजना अग्रवाल महामंत्री मोना अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष श्रीमती सलोनी अग्रवाल ने महिलाओं का स्वागत एवं अभिनंदन किया महिलाओ ने रेट्रो लुक में नजर आई श्रीदेवी( बबली) नीतू सिंह (अर्चना) हेमा मालिनी( माया ) पारो (मंजू) मधुबाला ( सरिता) शशिकला ( अमिता) । डांस में निधि रूपाली प्रिया मोनिका ने ₹होली में रंग रज रज बरसे ₹ सविता नीतू सुधा ने ₹होरिया में उड़े रे गुलाल ₹पर वह और अमिता अनीता पिंकी ने राधा कृष्ण बनकर प्रोग्राम में जान डाल दी सभी महिलाओं को अर्चना जी और रीता जी की तरफ से टाइटल दिया गया कार्यक्रम में समाज के महामंत्री विपुल मित्तल जी कोषाध्यक्ष आशीष गोयल युवा मंडल अध्यक्ष अनुज अग्रवाल समाज के मंत्री अजीत बंसल पूर्व अध्यक्षा मालती अग्रवाल माया अग्रवाल आदि उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन निधि बंसल ने किया उनके साथ राधा श्वेता अलका नंदिता मंजू गोयल आदि रही. उक्त जानकारी समाज के मीडिया प्रभारी अभिषेक मित्तल ने दी।

# जिले की सभी चिकित्सा इकाइयों में मनाया गया विश्व क्षय रोग दिवस



**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**

हापुड़ जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुनील कुमार त्यागी के निर्देशन में आज विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर जनपद की मेरिनो इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा संचालित श्री प्रेमचन्द लोहिया मेमोरियल ट्रस्ट के अस्पताल में विश्व क्षय रोग दिवस कार्यक्रम मनाया गया कार्यक्रम में मेरिनो इंडस्ट्रीज लिमिटेड के संस्थापक प्रकाश लोहिया जी एवं मुख्य अतिथि डॉ सुनील कुमार त्यागी द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया तत्पश्चात प्रकाश लोहिया जी द्वारा अपने संभासन में जनपद से क्षय रोग को पूर्णत मिटाने की बात कही व स्वास्थ्य विभाग को इस कार्यक्रम में सहयोग का आश्वासन दिया क्षय रोगियो के जांच के लिए सी बी नाट मशीन एवं श्री प्रेमचन्द लोहिया मेमोरियल ट्रस्ट मै उपचारित सभी क्षय रोगियो को गोद लेने का आश्वासन संस्था द्वारा दिया गया।जिला पी पी एम कॉर्डिनेटर सुशील चौधरी ने बताया कि आज सभी चिकित्सा इकाइयों एवं जनपद के तीनों मेडिकल कॉलेज सरस्वती मेडिकल कॉलेज,रामा मेडिकल कॉलेज एवं जी एस मेडिकल कॉलेज में भी नुक्क्ड़ नाटक पोस्टर प्रतियोगिता आदि कार्यक्रम के द्वारा लोगों को जागरूक करते हुए विश्व क्षय रोग दिवस मनाया गया इस अवसर पर श्री प्रेमचन्द लोहिया मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से टी आर शर्मा जी, डॉ पी एस अग्रावल डॉ डी के अग्रवाल, यासीन अली ,मोहम्मद सुहैल,अनिल कुमार विनोद कुमार,ईश्वरचंद वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय तपेदिक उन्मूलन दिवस पर टीबी मुक्त पंचायतों को डीएम ने किया सम्मानित

**वेलकम इंडिया**




**बागेश्वर,** मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय परिसर में राष्ट्रीय तपेदिक उन्मूलन दिवस धूमधाम से मनाया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर ₹हां हम टीबी को हरा सकते हैं₹ थीम पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी भटगाई ने टीबी मुक्त घोषित ग्राम पंचायतों को सम्मानित किया। जिसमें ग्राम पंचायत पंत क्वैराली के प्रशासक रमेश पाठक, प्रिया उप्रेती, सरपंच जौलकांडे विनोद कुमार, प्रशासक चौगांवछीना राधा देवी, प्रशासक जोशीपालड़ी दीपा देवी और ग्राम सभा द्यागंण के प्रशासक को टीबी मुक्त ग्राम पंचायत पुरस्कार के रूप में गांधी प्रतिमा और टीबी मुक्त प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त एक अन्य व्यक्ति को टीबी बीमारी से सफलतापूर्वक मुक्त होने और इस बीमारी के प्रति जागरूकता फैलाने के उत्कृष्ट प्रयासों के लिए ₹टीबी चैम्पियन अवार्डर₹ व शॉल ओढ़ाकर एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह में प्रियंका बुदलाकोटी, निमिशा कुरैशी, सोनी धामी, तानिया मर्तोलिया, नीता फर्स्वाण, ज्योति जोशी, बबीता मेहरा सहित अन्य सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ ही आशा कार्यकताओं और आशा फैसिलिटेटर में चंद्रकला जोशी, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर आशा निर्मला कर्मयाल को भी टीबी उन्मूलन अभियान में सराहनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना की और टीबी उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सभी से मिलकर काम करने का आह्वान किया।

# बागेश्वर को महिला सशक्तिकरण के लिए उत्तराखंड सुशासन पुरस्कार में मिला रनर-अप स्थान

**बागेश्वर,** भारतीय मास्टरमाइंड्स (आईएम) द्वारा बागेश्वर जिले को महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए उत्तराखंड सुशासन पुरस्कार 2025 में रनर-अप का सम्मान प्रदान किया। जिले की इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने प्रसन्ता व्यक्त करते हुए कहा यह पुरस्कार जिले की टीम द्वारा महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में किए गए कठिन परिश्रम और समर्पण का प्रमाण है। यह सम्मान बागेश्वर की सभी मातृशक्ति को समर्पित है,जिन्होंने इस अभियान में अपनी भागीदारी दी और इसे सफल बनाया।कहा कि जिले में महिलाएं प्रत्येक क्षेत्र में अग्रणी कार्य कर रही है, जिला प्रशासन द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए भरपूर सहयोग दिलाया जाएगा।

# क्या है धोलेरा जानिए रितु चौहान जी से

**वेलकम इंडिया**



एक ऐसे शहर की जो अपने भारत का पहले ग्रीन फील्ड स्मार्ट सिटी बनने जा रहा है। ऐसे में नोएडा के रहने वाली डायरेक्टर इन्वेस्टर हब रियलिटी रितु चौहान ने बताई की जो हमारे भारत की अर्थव्यवस्था को कई गुना बढ़ा देगा। क्योंकि यहां पर विश्व की कई बड़ी-बड़ी कंपनियां निवेश करके अपनी यूनिट्स बना रही हैं।। धोलेरा में विश्व का सबसे बड़ा कार्गो हवाई अड्डा बन रहा है, जिसका पहला चरण 2026 में तैयार हो जाएगा साथ ही पूरा हवाई अड्डा 2028 तक तैयार हो जाएगा अपनी उड़ान भरने के लिए।

धोलेरा में भारत के साथ-साथ विश्व की बड़ी-बड़ी कंपनियां खुद को स्थापित कर रहे हैं। जिसमें भारत की गौरवशाली टाटा ग्रुप, अदानी ग्रीन एनर्जी, वेदांता ग्रुप और आदि।।

धोलेरा में विमान उद्योग की कंपनियां जैसे बोईंग एअरबस रफाल, और डिफेंस की उद्योग।। धोलेरा की सबसे बड़ी पहचान विश्व का तीसरा सबसे बड़ा सेमीकंडक्टर प्लांट लगने जा रहा है। धोलेरा में यातायात के चारों सदनों को बड़े पैमाने पर तैयार किया गया है, जैसे विश्व का सबसे बड़ा समुद्र का बंदरगाह, गुड्स ट्रेडिंग के लिए रेलवे, एयरवेज, और बड़े-बड़े हाईवेज का काम चल रहा है। जो कुछ ही समय के अंतराल में पूरा होने वाला है।। धोलेरा गुजरात में अहमदाबाद से 90 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। जो आज निवेश के लिए रियल एस्टेट में सबसे बड़ा सुनहरा अवसर है। जिसका अर्थ बनता है लाखों लगाइए करोड़ बनाइए। यहां रेजिडेंशियल जोन में 12 से 15 लाख के छोटे से निवेश से शुरूआत की जा सकती है।

# बुगरासी में सांसद ने किया गेट का उद्घाटन



**वेलकम इंडिया**

**बुगरासी।** कस्बे में रविवार की देर शाम मुख्य स्वागत द्वार का भव्य उदघाटन किया। सांसद डॉ भोला सिंह ने फीता काटकर गेट का लोकार्पण किया। इस दौरान सैंकड़ों लोगों भीड़ मौजूद रही।

बुगरासी में स्यान मार्ग पर नगर पंचायत द्वारा एक विशाल विशाल स्वागत द्वार बनवाया गया है। डॉ भीमराव अंबेडकर और अवंतिका बाई लोधी के नाम से बने प्रवेश द्वार को भव्य लाइटों से सजाया गया। अपने लम्बे काफिले के साथ पहुंचे क्षेत्रीय सांसद डॉ भोला सिंह ने फीता काटकर प्रवेश द्वार का लोकार्पण किया। इसके बाद भव्य समारोह में सांसद ने कहा कि कस्बे में ऐतिहासिक बदलाव के बाद निरन्तर बड़े विकास कार्य किये जा रहे हैं। कहा कि चेयरमैन ओमदत्त लोधी के नेतृत्व में कस्बे को चार चांद लगाये जायेंगे। सांसद ने केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों के बारे में भी बताया। चेयरमैन ओमदत्त लोधी ने कहा कि कस्बे में बिना भेदभाव लगातार विकास कार्य किये जा रहे हैं। आने वाले समय में कस्बे का कायाकल्प कर दिया जाएगा। उन्होंने कार्यक्रम में सभी आगन्तुकों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान भाजपा के विभिन्न पदाधिकारी, समस्त सभासदगण, नगर पंचायत कर्मचारी व सैंकड़ों समर्थकों की भीड़ मौजूद रही।

# पुलिस अधीक्षक ने थाना महुली अन्तर्गत ग्राम मैन्सिर में नहर पानी के किनारे शव मिलने पर घटनास्थल का किया गया निरीक्षण

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने सोमवार को थाना महुली क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मैन्सिर में तामा खास पुलिया से नौरंगिया पुलिया के बीच नहर में पानी के किनारे शव मिलने पर घटनास्थल का निरीक्षण कर उक्त प्रकरण की संपूर्ण जानकारी ली गयी। आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली खलीलाबाद व थानाध्यक्ष थाना महुली को निर्देशित किया गया है।

# सड़क पर बनी लोहे की सीढ़ी को नगर पंचायत प्रशासन ने हटवाया



**वेलकम इंडिया**

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत शोहरतगढ़. के सोनारी मोहल्ला हनुमंत नगर चौराहा के पास एक व्यक्ति ने सड़क पर अतिक्रमण करते हुए घर में प्रवेश करने के लिए लोहे की सीढ़ी बनवा ली थी। वार्डवासियों द्वारा विरोध करने के बावजूद भी उक्त व्यक्ति ने दबंगई दिखाते हुए सीढ़ी बनवा ली। वार्डवासियों ने इसकी शिकायत थाना प्रभारी व नगर पंचायत प्रशासन से की। वार्डवासियों के विरोध करने की सूचना पर दो दिन बाद नगर पंचायत प्रशासन ने संज्ञान लेते हुए उक्त सीढ़ी को हटवाया गया। नगरवासियों ने कहा कि नगर में लोगों द्वारा सड़क पर सामान रखकर अतिक्रमण कर लिया जाता है, जिससे राहगीरों को आवागमन में काफी दिक्कत होती है। अतिक्रमण की स्थिति यह है कि आपात स्थिति में एम्बुलेंस व फायर ब्रिगेड के चारपहिया वाहन नगर में प्रवेश नहीं कर पाते हैं।

# एम एन एम पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम रिजल्ट कार्ड वितरण समारोह का किया

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**



**हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर**/जनपद की तहसील गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र में स्थित एम एन एम पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम रिजल्ट कार्ड वितरण समारोह का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में गढमुक्तेश्वर कोतवाली में तैनात उप निरीक्षक सुरेश कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। जिनके साथ उनकी पूरी टीम भी मौजूद रहीं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुरेश कुमार ने विद्यालय के प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएँ दीं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने छात्र छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि मेहनत और समर्पण से ही आप जीवन में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। वही इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ० शानू अब्बासी ने भी छात्रों का हौसला अफजाई करतेहुए उन्हें पुरस्कार स्वरूप सम्मान पत्र, (ट्रॉफी) देकर सम्मानित करने के साथ कहा कि शिक्षा ही एक ऐसा शेरनी का दूध है। जिसके माध्यम सेआप अपने लक्ष्य को प्राप्त करने को लेकर शेर की तरह दहाड़ सकते हैं।इस अवसर पर स्कूल के सरपरस्त हाजी रईस अब्बासी और स्कूल मैनेजर शाहनवाज अली के साथ साथ कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण, अभिभावक और छात्र-छात्राएँ बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। समारोह के अंत में सभी विजेता छात्र छात्रों को बधाई दी गई और विद्यालय परिवार ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# जिले में राष्ट्रीय तपेदिक उन्मूलन दिवस पर डीएम ने टीबी मुक्त पंचायतों को किया सम्मानित

**बागेश्वर,** गोविन्द मेहता,सोमवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय परिसर में राष्ट्रीय तपेदिक उन्मूलन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर ₹हां हम टीबी को हरा सकते हैं₹ थीम पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने दीप प्रज्वलित कर किया।कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी भटगाई ने टीबी मुक्त घोषित ग्राम पंचायतों को सम्मानित किया। जिसमें ग्राम पंचायत पंत क्वैराली के प्रशासक रमेश पाठक, प्रिया उप्रेती, सरपंच जौलकांडे विनोद कुमार, प्रशासक चौगांवछीना राधा देवी, प्रशासक जोशीपालड़ी दीपा देवी और ग्राम सभा द्यागंण के प्रशासक को टीबी मुक्त ग्राम पंचायत पुरस्कार के रूप में गांधी प्रतिमा और टीबी मुक्त प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

# राज्य सरकार के तीन वर्ष पूरे होने पर कपकोट में हुआ भव्य समारोह



**वेलकम इंडिया**

**बागेश्वर,गोविन्द मेहता:** उत्तराखंड सरकार के सफलतापूर्वक तीन वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में ₹सेवा, सुशासन और विकास₹ थीम के अंतर्गत कपकोट विधानसभा के केदारेश्वर मैदान में भव्य समारोह आयोजित किया गया। बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन कर जनता को सरकार की नीतियों और योजनाओं की जानकारी का प्रसार प्रचार किया गया।

आयोजित बहुद्देशीय जन-कल्याण शिविर में 30 से अधिक विभागों ने अपने स्टॉल लगाए, जहां नागरिकों को विभिन्न सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ दिया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा निःशुल्क चिकित्सा जांच और स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जबकि पंचायती राज एवं राजस्व विभाग से द्वारा प्रमाण पत्रों का पंजीकरण किया गया। कृषि और उद्यान विभाग ने किसानों को आधुनिक तकनीकों और सब्सिडी की जानकारी दी, जबकि मत्स्य एवं पशुपालन विभाग ने स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। मुख्य अतिथि विधायक सुरेश गड़िया ने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में सरकार ने ₹सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास₹ के संकल्प को साकार करते हुए ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। कहा कि उत्तराखंड पहला राज्य है जिसने समान नागरिक संहिता (वउउ) को लागू कर समानता की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम उठाया है। इसके साथ ही, भू-कानून, नकल विरोधी कानून, और 1905 सीएम हेल्पलाइन जैसी योजनाओं ने पारदर्शिता और सुशासन को मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि डिजिटल इंडिया मिशन के तहत बागेश्वर को और अधिक मोबाइल टावरों से जोड़ा जाएगा, जिससे दूरस्थ क्षेत्रों में भी संचार सुविधाएं सुलभ होंगी।इस दौरान जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने सरकार की तीन वर्षों की उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए कहा कि उत्तराखंड ने सतत विकास लक्ष्यों (रऊऋ) में देशभर में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। राज्य में लागू नकल विरोधी कानून ने शिक्षा व्यवस्था को अधिक पारदर्शी बनाया है और युवाओं के भविष्य को सुरक्षित किया है। उन्होंने बताया कि सरकार ने बीस हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियों में अवसर दिए हैं।उड़ान योजना के तहत पहाड़ी क्षेत्रों में हवाई सेवाओं का विस्तार हो रहा है,बागेश्वर जिला भी हैली से जुड़ गया है। इससे पर्यटन और व्यापार को बढ़ावा मिल रहा है।उन्होंने कहा कि कृषि और बागवानी क्षेत्र में भी सरकार की पहल रंग ला रही है।

बागेश्वर और कपकोट में कीवी और सुगंधित पौधों की खेती को प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे किसानों की आय में बढ़ोतरी हो रही है। कुटकी उत्पादन को बढ़ावा देकर औषधीय खेती को मजबूत किया गया है। महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए सरकारी नौकरियों में 30% आरक्षण की नीति लागू की गई है, जिससे महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है।

# शहीद दिवस पर शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को किया नमन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** शहीद दिवस पर शहीद चौक मोदीनगर पर दीप प्रज्वलित कर शहीद ए आजम शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को नमन किया गया। नगर पालिका चेयरमैन विनोद वैशाली ने किया तीनों शहीदों के चित्रों पर दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण माल्यार्पण कर दी अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। पालिका अध्यक्ष ने कहा कि शहीदों की विरासत को संजोते हुए युवाओं को देश की प्रगति और विकास में अपना योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि आजादी की लड़ाई में आज ही के दिन हंसते हंसते फांसी के फंदे को गले लगाकर देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीद ए आजम अमर शहीद सरदार भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के शहादत दिवस को पूर्व सैनिकों द्वारा बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया। नगर पालिका परिषद मोदीनगर के अध्यक्ष विनोद वैशाली ने तीनों शहीदों के चित्र पर दीप प्रज्वलित वह माल्या अर्पण कर मां भारती के सपूतों को नमन किया। इस अवसर पर विनोद वैशाली ने कहा कि हमारे देश को आजादी शहीद ए आजम भगत सिंह राजगुरु सुखदेव जैसे मां भारती के सपूतों के बलिदान से प्राप्त हुई है। जिन्होंने नौजवान अवस्था में ही हंसते-हंसते देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। विनोद वैशाली ने कहां की युवा पीढ़ी को देश के लिए शहीद हुए शहीदों की विरासत को संजोकर देश के विकास और प्रगति में अपना योगदान देना होगा तभी देश के लिए शहीद हुए अमर शहीदों को हमारी यह सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर पूर्व सैनिक संगठन के सदस्य एवं भाजपा के जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र चौधरी, अमित चौधरी (जिला उपाध्यक्ष), भाजपा के अन्य सम्मानित पदाधिकारी एवं पालिका के सम्मानित सभासद भी मौजूद रहे।

# भाजपा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष चैनपाल गुर्जर को दी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य देवेंद्र चौधरी डायमंड ने कार्यकताओं के साथ गाजियाबाद जिला के नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष चैनपाल गुर्जर को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य देवेंद्र चौधरी डायमंड ने कहा कि नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष चैनपाल गुर्जर के सांगठनिक अनुभव का कार्यकताओं और संगठन को लाभ मिलेगा। उन्होंने उनके सफलतम एवं स्वर्णिम कार्यकाल की शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता उनके नेतृत्व में संगठन को मजबूती प्रदान करने के साथ-साथ केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का भी कार्य करेगा।

# घर के पीछे दीवार मे सेंध काटकर चोरों ने लाखों उड़ाए

वेलकम इंडिया



**भनवापुर/सिद्धार्थनगर।** त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के कठौतिया किशुन गांव में चोरों ने घर के पीछे दीवार में सेंध लगाकर लाखों रुपये के आभूषण चोरी कर ले गए। घर वालों को सोमवार की सुबह करीब छह बजे जगने पर चोरी की जानकारी हुई। दीवार में सेंध लगी देखकर वे हैरान हो गए। गृहस्वामी ने डायल- 112 पर फोन कर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पीआरबी की टीम जांच कर पीड़ित को थाने पर तहरीर देने के लिए कह कर चली गई।

क्षेत्र के कठौतिया किशुन गांव निवासी रामफेर यादव का परिवार रविवार की रात खाना खाकर सोने चला गया। सोमवार को सुबह करीब छह बजे उनकी लड़की आंचल यादव झाड़ू लगाने लगी, तो देखा कि पीछे से उजाला आ रहा है। इसकी जानकारी मां व पिता को दी। सभी ने देखा कि घर के पश्चिम दीवार में चोरों ने सेंध लगा दी है। रामफेर व उसके परिवार के लोगों ने देखा तो घर में रखा एक बॉक्स गायब था।

इधर-उधर तलाश करने के बाद बॉक्स घर के करीब दो सौ मीटर सरजू नहर खंड-तीन के सोहना शाखा के पास टूटा हुआ खाली मिला। रामफेर यादव व उनकी पत्नी ने बताया कि बॉक्स में रखे सोने और चांदी के नए और पुराने आभूषण गायब हैं। पीड़ित ने त्रिलोकपुर पुलिस को तहरीर देकर जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

# मातृभूमि सेवा संघ के पदाधिकारियों ने शहीदों को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** शहीद दिवस के अवसर पर मातृभूमि सेवा संघ द्वारा छाया पब्लिक स्कूल, सोर्विन इंटरनेशनल स्कूल, विस्डम पब्लिक स्कूल एवं अन्य विद्यालयों मे सरदार भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के संघर्षपूर्ण जीवन को वीडियो चलाकर दिखाया गया। मातृभूमि सेवा संघ द्वारा निर्मित वीडियो मे छात्रों को बताया गया की इन बलिदानियों ने एकमात्र माँ भारती को जंजीरो से मुक्त कराने का ही सपना देखा था, ताकि देश अंग्रेजी शासन से मुक्त होकर शिक्षित, विकसित, लोकतान्त्रिक और आत्मनिर्भर भारत बन सके। बाल्यावस्था से ही भगत सिंह बेहद साहसी और क्रन्तिकारी विचारों से ओत-प्रोत थे, कैसे जलियावाला बाग से अंकुरित चिंगारी हसते-हँसते फांसी के फंदे तक पहुँची और देश मे आजादी का ज्वार भाटा बनकर राष्ट्र को स्वतंत्रता तक ले गयी। इसके पश्चात मातृभूमि सेवा संघ ने भगत सिंह चौक पर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि देने हेतू गायत्री यज्ञ का आयोजन किया गया। नगर पालिकाध्यक्ष विनोद वैशाली और डॉ अरुण त्यागी के साथ मातृभूमि सेवा संघ के सदस्यो ने यज्ञ मे आहुति देकर बलिदानियों को नमन किया तथा मातृभूमि सेवा संघ के सदस्यो ने कहा की भगत सिंह के सपनो के भारत निर्माण हेतू युवा पीढ़ी को राष्ट्र के शहीदों महापुरुषों के जीवन से अवगत कराकर ही वैचारिक क्रांति लाई जा सकती है एवं राष्ट्रभक्ति की प्रबल विचारधारा ही भारत को विश्व गुरु बनाने मे मुख्य सिद्ध होंगी। इस अवसर पर प्रदीप बांगवा, विकास भारतीय, नीरज शर्मा, आशुतोष सक्सेना, डॉ रूपा त्यागी, खुशहाल नेगी, मोहित सोनी, सिद्धार्थ ठाकुर, अविनाश झा, पवन चौधरी, राजीव सैन, डॉ राहुल, शिवम कोहली, पवन शर्मा, डॉ ब्रजेश, पुनीत बत्रा, विनय आदि मौजूद रहे।

## रेलवे ट्रैक के पास झाडियों में मिला लापता किसान का शव

**गाजियाबाद।** मोदीनगर के गांव शाहजहांपुर से लापता हुए किसान का शव रविवार सुबह गांव रोरी क्षेत्र में रेलवे ट्रैक के पास झाडियों से बरामद हुआ। मृतक की पहचान 49 वर्षीय पुष्पेंद्र राठी के रूप में हुई है। पुष्पेंद्र राठी शनिवार शाम को किसी काम से घर से निकले थे। रात तक जब वह घर नहीं लौटे तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। रविवार सुबह रोरी क्षेत्र में रेलवे फाटक से कुछ दूर एक व्यक्ति का लहूलुहान शव मिलने की सूचना मिली। मृतक पुष्पेंद्र राठी किसानी के साथ-साथ एक निजी बैंक में क्रेडिट कार्ड से संबंधित काम भी करते थे। उनके एक पुत्र और एक पुत्री है। एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला दुर्घटना का लग रहा है। मृतक के शरीर पर किसी धारदार हथियार के निशान नहीं मिले हैं। पुलिस को आशंका है कि ट्रेन की चपेट में आने से मौत हुई है। परिजनों की तरफ से कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण पता चल सकेगा।

## 2292 खतरनाक फ्लैट की जगह बनेंगी आधुनिक बहुमंजिला इमारतें

**गाजियाबाद।** प्राधिकरण ने कराए गए सर्वे में इन मकानों को रहने के लिए असुरक्षित घोषित किया है। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने तुलसी निकेतन योजना को नए रूप में विकसित करने का निर्णय लिया है। 1990 में बसाई गई इस कॉलोनी में 2292 फ्लैट और 60 दुकानें हैं, जहां करीब 20 हजार लोग रहते हैं। जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने स्थिति का जायजा लेकर निवासियों की समस्याएं सुनीं। कॉलोनी की स्थिति चिंताजनक है। दीवारों का प्लास्टर गिरने से कई लोग घायल हो चुके हैं। मामूली बारिश में भी यहां कई फुट पानी भर जाता है। पीने का पानी भी दूषित आता है। पानी की टंकी की स्थिति भी खतरनाक है। प्राधिकरण ने कराए गए सर्वे में इन मकानों को रहने के लिए असुरक्षित घोषित किया है। अब जीडीए पीपीपी (पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप) मॉडल पर निजी विकासकताओं के साथ मिलकर 16 एकड़ क्षेत्र में नई बहुमंजिला इमारतें बनाएगा। इस योजना में 2004 ईडब्ल्यूएस और 288 एलआईजी मकान शामिल थे, जिन्हें अब आधुनिक सुविधाओं के साथ पुनर्विकसित किया जाएगा।

## महामाया देवी मंदिर के मेले में ग्रामीणों ने दुकानों में प्राथमिकता और झूलों की अनुमति के लिए किया प्रदर्शन

**गाजियाबाद।** मोदीनगर के सीकरी खुर्द गांव में स्थित महामाया देवी मंदिर के वार्षिक मेले को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। स्थानीय ग्रामीणों ने तहसील कार्यालय पर प्रदर्शन किया। उनकी प्रमुख मांग है कि मेले में लगने वाली दुकानों में स्थानीय लोगों को प्राथमिकता दी जाए। चैत्र मास में आयोजित होने वाले इस मेले में पश्चिमी उत्तर प्रदेश और एनसीआर से बीस लाख से अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। नगर पालिका परिषद और पुलिस प्रशासन के साथ हुई बैठक में उपजिलाधिकारी ने इस बार मेले में झूले न लगाने का निर्णय लिया। साथ ही दुकानों का आवंटन लॉटरी से करने की योजना बनाई। ग्रामीणों का आरोप है कि मंदिर से पालिका प्रशासन को करोड़ों रुपए की आय होती है। लेकिन व्यवस्थाएं पर्याप्त नहीं हैं। उन्होंने मांग की है कि मंदिर परिसर में सफाई कर्मचारी और गार्ड के रूप में गांव के लोगों को नियुक्त किया जाए। ग्रामीणों ने मुख्य पुजारी पर अभद्र व्यवहार का आरोप भी लगाया है। उपजिलाधिकारी डॉ. पूजा गुप्ता को ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपा। उन्होंने मांगों पर विचार करने का आश्वासन दिया। प्रदर्शन में डॉ. बबली गुर्जर, राहुल गुर्जर, कहैन्या, सुनील भगत, मुकेश कुमार, हरबीर सिंह सहित सैकड़ों ग्रामीण शामिल थे।

## सीवर समस्या गंभीर, सड़कों और घरों में भर रहा गंदा पानी

**गाजियाबाद।** शहर के कई इलाकों में सीवर का पानी सड़कों और घरों में भरने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विशेषकर ट्रांस हिंडन और विजयनगर क्षेत्र के निवासी दुर्गंध और जलभराव से परेशान हैं। सोमवार को विजयनगर के लोगों और ट्रांस हिंडन के पार्षदों ने नगर आयुक्त से मिलकर समस्या से अवगत कराया। लोगों ने बताया कि शिकायतों के बावजूद सीवर की देखरेख करने वाली कंपनी ध्यान नहीं दे रही। घरों में भी सीवर का गंदा पानी घुस रहा है, जिससे रहना मुश्किल हो गया है। स्थानीय पार्षदों ने भी ट्रांस हिंडन क्षेत्र की सीवर समस्या को नगर आयुक्त के समक्ष रखा। नगर आयुक्त ने जलकल विभाग के एक्सईएन केपी आनंद को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही जल विभाग और संबंधित कंपनी के साथ बैठक कर समस्या का स्थायी समाधान निकाला जाएगा। स्थानीय लोगों की मांग है कि सीवर सफाई का नियमित निरीक्षण हो। लापरवाह कंपनी पर सख्त कार्रवाई की जाए। जलभराव की समस्या को प्राथमिकता से हल किया जाए।

## गाजियाबाद में कांग्रेस के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा ने संभाला पदभार

**गाजियाबाद।** कांग्रेस के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा ने सोमवार को जिला कार्यालय पहुंचकर पदभार ग्रहण किया। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष विनीत त्यागी ने उन्हें जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी। कार्यालय में पार्टी कार्यकताओं ने जोरदार स्वागत किया और उन्हें बधाइयाँ दीं। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा ने कहा कि वह कांग्रेस की नीतियों को शहर से लेकर गांव तक पहुंचाने के लिए काम करेंगे। उन्होंने संगठन को मजबूत करने और कार्यकताओं की समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया। इस मौके पर कई वरिष्ठ कांग्रेस नेता उपस्थित रहे, जिनमें प्रदेश महासचिव सुशांत गोयल, पूर्व महानगर अध्यक्ष लोकेश चौधरी, सुरेंद्र शर्मा, राजेंद्र शर्मा, जगदीश कुमार, हाजी खुर्शीद खान, सुरेंद्र कुमार शर्मा आदि शामिल रहे।

# शहीद दिवस पर वीर बलिदानी भगत सिंह सेवा समिति द्वारा निकाली भव्य यात्रा

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** बलिदानी भगत सिंह सेवा समिति के तत्वावधान में एक भव्य यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न संगठनों ने भाग लेकर देश के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। यह यात्रा मोदीबाग स्थित पंकज कंसल के निवास से प्रारंभ होकर गोविंदपुरी स्थित भगत सिंह चौक तक पहुंची।

यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर स्थानीय नागरिकों और संगठनों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। गोकल डेरी के सामने नवीन गर्ग, अनिल सेन, प्रवीण मित्तल और मुकेश अग्रवाल ने स्वागत किया। बस अड्डे पर राधेश्याम गोयल, प्रदीप तायल और उनके साथियों ने अभिनंदन किया। गांधी मार्केट के सामने राज चोपले, महेश तायल और अन्य साथियों द्वारा स्वागत किया गया।जीवन हॉस्पिटल के सामने डॉक्टर मंजू (विधायक, मोदीनगर) ने यात्रा का स्वागत किया। जिसमें चेयरमैन विनोद वैशाली, भाजपा नगर अध्यक्ष आकाश शर्मा, अमित चौधरी, महेश तायल और सुदेश जैन सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।यात्रा के दौरान नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके पश्चात भगत सिंह चौक पहुंचकर वीर बलिदानी भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर राष्ट्रगान के साथ यात्रा का समापन किया गया।इस यात्रा में कई राष्ट्रवादी संगठन शामिल हुए। जिनमें प्रमुख रूप से हिंदू संगठन, सत्य सनातन युवा वाहिनी, सनातन वाहिनी और बजरंग दल मौजूद रहे। इनके अलावा, यात्रा में पंकज कंसल मधुर नेहरा, शुभम पंडित, पवन खरब, मोहन लाल, विक्रम सिंह (जिला प्रमुख, भूमि अतिक्रमण), सुबोध (महानगर संयोजक), सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गाजियाबाद में प्रदेश सरकार के 8 वर्ष पूरे होने पर मेला, 27 मार्च तक रहेगा जारी

**गाजियाबाद।** प्रदेश सरकार के आठ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में गाजियाबाद के रामलीला मैदान में त्रिदिवसीय मेला आयोजित किया जा रहा है। यह मेला मंगलवार से शुरू होकर 27 मार्च (गुरुवार) तक चलेगा। इस आयोजन में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए जाएंगे, जिनके माध्यम से सरकार की योजनाओं की जानकारी जनता को दी जाएगी। मेले में प्रयागराज महाकुंभ पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन किया जाएगा। 'प्रदेश का विकासज् पुस्तक का विमोचन होगा। रोजगार मेला, जिसका आयोजन सेवा योजन विभाग द्वारा किया जाएगा। फूड कोर्ट और स्थानीय पारंपरिक व्यंजनों के स्टॉल लगाए जाएंगे। प्रत्येक दिन थीम आधारित विचार गोष्ठी और संवाद सम्मेलन किया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल ने बताया कि त्रिदिवसीय मेले में हर दिन अलग-अलग विषयों पर चर्चा होगी।

## दो दिवसीय जनपद स्तरीय विकसित भारत युवा संसद कार्यक्रम का समापन



वेलकम इंडिया

**मेरठ :** चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ के अटल सभागार में आयोजित दो दिवसीय जनपद स्तरीय विकसित भारत युवा संसद 2025 कार्यक्रम का कुशलतापूर्वक समापन हुआ। जिसमें 10 चयनित प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र दे कर सम्मानित किया गया। जो प्रदेश स्तर पर प्रतिभागिता करेंगे।

कार्यक्रम के कुशल समापन में डॉ नीरज सिंघल निर्देशक, डॉ दुष्यंत कुमार चौहान नोडल अधिकारी एवं कार्यक्रम समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना, डॉ० जूही अग्रवाल वर्धमान कॉलेज बिजनौर, डॉ० रानू अग्रवाल, इं० प्रवीन, डॉ० यशवेंदर, डॉ० सचिन, डॉ० अंशु, डॉ० सत्येंद्र कुमार, विष विज्ञान विभाग, तथा डॉ अजय कुमार प्लांट प्रोटेक्शन विभाग, सी पी सिंह, रविन्द्र सिंह ओएस, करतार सिंह ओएस, एनएसएस उपस्थित रहे। यशवंत सिंह यादव ने सभी 10 चयनित प्रतिभागियों को प्रदेश स्तर पर अपनी प्रतिभागिता करने के लिए मार्गदर्शित किया। डॉ जूही अग्रवाल ने सभी जनपद स्तर पर चयनित प्रतिभागियों को राज्यस्तरीय प्रतिभागिता करने के लिए मुख्य बिंदु बता कर प्रोत्साहित किया।

# अवैध मिट्टी खनन माफियाओं के डंपरों का हाईवे पर खुला आतंक स्कूटी सवार युवती को मारी टक्कर युवती गंभीर रूप से घायल

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह



**हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर**/सिंभावली थाना क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन माफियाओं के डंपरों का नेशनल हाईवे पर खुला आतंक गंगा एक्सप्रेसवे की आड़ में सभी मानकों को ताक पर रखकर लगा रहे दौड़। इसी क्रम में हरोड़ा रोड़ एन एच-9 के पास हापुड़ एल आई सी ऑफिस में अपनी प्रीमियम जमा करके स्कूटी से सवार होकर घर जा रही 32 वर्षीय युवती ज्योति सिंघल पत्नी लक्ष्य सिंघल निवासी मैन बाजार स्याना बुलंदशहर की स्कूटी में डंपर द्वारा जोरदार टक्कर मारकर फरार हो गया। और युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसको प्रत्यक्षदर्शी के द्वारा युवती के परिजनों को सूचना देने के साथ उपचार हेतु आनंन फानन में निजी चिकित्सक के पास पहुंचा।

# डॉक्टर्स और स्टाफ को नोटिस जारी :डीएम को इमरजेंसी वार्ड में मिली अव्यवस्थ पर बिफरे

वेलकम इंडिया



**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. ने मेडिकल कॉलेज का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने सबसे पहले इमरजेंसी वार्ड का दौरा किया और मरीजों की केस शीट की जांच की। निरीक्षण में कई गंभीर खामियां सामने आईं।मरीजों की केस शीट सही तरीके से नहीं भरी गई थी। मरीजों को दी गई दवाओं और इंजेक्शन की जानकारी उनके तीमारदारों को नहीं दी गई थी। इस लापरवाही पर डीएम ने डॉ. शिवकुमार (नर्सिंग अधिकारी), डॉ. ऋचा राव (हॉस्पिटल मैनेजर), नर्स संजू और फातिमा को नोटिस जारी करने का आदेश दिया। रात्रि ड्यूटी में तैनात डॉ. सचिन को भी नोटिस दिया गया। बिना सूचना न छोड़ें मुख्यालय नई बिल्डिंग के ओपीडी में वार रूम की स्टाफ नर्स कामिनी को अपने काम की बुनियादी जानकारी नहीं थी। डॉ. हिना और डॉ. फारूक अनुपस्थित मिले, जिन्हें भी नोटिस जारी किया गया। प्राचार्य की अनुपस्थिति पर डीएम ने सख्त निर्देश दिए कि वे सक्षम अधिकारी की अनुमति और डीएम को सूचित किए बिना मुख्यालय न छोड़ें।

वार्डों की साफ-सफाई के निर्देश जिलाधिकारी ने सभी वार्डों में साफ-सफाई सुनिश्चित करने और डॉक्टरों व कर्मचारियों की समय पर उपस्थिति के निर्देश दिए। उन्होंने मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं देने पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रजत कुमार चौरसिया, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. ए.के. झा और अन्य स्टाफ मौजूद थे।

# आईटीएमएस तथा सीएम ग्रिड योजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों में तेजी लाने के निर्देश



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। नगर निगम मुख्यालय पर इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम तथा सी एम ग्रिड के अंतर्गत नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की अध्यक्षता में विद्युत आईजीएल ट्रैफिक विज्ञापन तथा पीडब्लूडी विभाग की बैठक हुई जिसमें आपसी समन्वय स्थापित करते हुए शासन की योजनाओं को रफ्तार देने के निर्देश दिए गए, बैठक में एसीपी ट्रैफिक जहाजुद्दीन अहमद, मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी, विद्युत विभाग से अमित सक्सेना तथा एस ई अखिलेश सिंह, पीडब्लूडी से डीके शर्मा तथा आईजीएल में एफकोन कंपनी की टीम उपस्थित रही। जिनके द्वारा इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम पर चल रहे कार्यों की प्रगति की प्रेजेंटेशन टीम को दी गई।

इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम का कार्य 1 अप्रैल से धरातल पर प्रारंभ हो जाएगा। नगर आयुक्त द्वारा बताया गया इसके अलावा नगर आयुक्त द्वारा शासन की योजना सी एम ग्रिड के कार्यों को पूर्ण रूप से बेहतर बनाने के लिए आईजीएल तथा विद्युत विभाग को रोड कटिंग से पूर्व आवश्यक सूचना देने के लिए कहा गया साथ ही गाजियाबाद नगर निगम निर्माण विभाग का पूर्ण सहयोग करने के निर्देश भी दिए गए, आईटीएमएस के अंतर्गत 41 स्थान पर सिग्नल लगाने तथा कैमरा इंस्टॉल करने का कार्य प्रारंभ किया जाना है। जिसके लिए चल रहे कार्यों की प्रेजेंटेशन एफकौन इंडिया कंपनी से हेड ऑ$फ प्रोजेक्ट मोहित गिरधर द्वारा दी गई। गाजियाबाद नगर निगम लगातार शहर हित में शासन की योजनाओं को धरातल पर सफल बनाने का बेहतर प्रयास किया जा रहा है। जिसमें नगर आयुक्त के नेतृत्व में इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम तथा सीएम ग्रिड योजना के कार्य सफलतापूर्वक किया जा रहे हैं। जिसकी मॉनिटरिंग प्रबल करने के लिए नगर आयुक्त द्वारा मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी को कहा गया, उपस्थित सभी विभागों ने अपने-अपने डिपार्टमेंट संबंधित विषय नगर आयुक्त के समक्ष रखे गए। जिनको विभागीय समन्वय स्थापित करते हुए कार्यों को रफ्तार देने की योजना बनाई गई।

## बाइक सवार बदमाशों ने महिला समेत दो से लूटी चैन

**गाजियाबाद**। ट्रांस हिंडन एरिया में बदमाशों के हौसले बुलंद हैं। कौशांबी थाना क्षेत्र के सेक्टर-2 वैशाली में बदमाशों ने घर के बाहर वॉक कर रही एक महिला के गले से गोल्ड की चेन लूटकर फरार हो गए। जबकि सेक्टर 4 वैशाली में मार्केट गए व्यक्ति से बदमाशों ने गोल्ड चेन लूट ली। पुलिस ने दोनों मामले दर्ज कर लिए हैं। थाना कौशाम्बी में दी तहरीर में शिखा पुंडीर पत्नी दीपक पुंडीर निवासी 2ष्ट-58 आशीर्वाद ग्रीन्स सेक्टर 2 वैशाली ने कहा कि 21 मार्च को रात 9 बजे वह अपने घर के आगे टहल रही थी। उसी समय दो अज्ञात बाइक सवार आये जिसमें पीछे बैठे वाले व्यक्ति ने मेरे गले से सोने की चेन खींच ली और भाग गये। काफी शोर मचाने पर लोग एकत्र हो गए लेकिन बदमाश तब तक फरार हो गए। लोगों का आरोप है कि क्षेत्र में बदमाश आए दिन घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं, लेकिन पुलिस रोकथाम करने में विफल साबित हो रही है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। थाना कौशाम्बी में दी तहरीर में गौरव कुमार मिश्रा पुत्र शैलेन्द्र कुमार मिश्रा निवासी वैशाली 22 मार्च को समय करीब 9.30 अपने घर से आवश्यक सामान खरीदने के लिए बाजार गया था।

# नशा मुक्ति पर सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम को मिला समर्थन

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। नशे और शराब से मुक्ति पर एक शक्तिशाली सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम उत्साही और नशे से उबर रहे लोगों की एक समर्पित टीम द्वारा सफलतापूर्वक आयोजित किया गया, जो सोबर एन क्लीन हाउस नाम से एक स्थानीय नशा मुक्ति केंद्र भी चलाते हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समुदाय को मादक द्रव्यों के सेवन के खतरे और इससे उबरने के मार्ग के बारे में शिक्षित करना था, जिसमें स्थानीय अधिकारियों, मंत्रियों और कई ऐसे व्यक्तियों की सक्रिय भागीदारी देखी गई, जिन्होंने नशे की लत से सीधे तौर पर जूझा है।

साहिल भोला नामक उत्साही लोगों ने बताया कि कार्यक्रम में नशे से उबर रहे लोगों के प्रेरक प्रशंसापत्र शामिल थे, जिन्होंने अपने व्यक्तिगत संघर्ष और जीत को साझा किया, जिससे उन लोगों को उम्मीद मिली जो अभी भी नशे की गिरफ्त में हैं। नशा मुक्ति केंद्र के संजय मित्तल जैसे विशेषज्ञों ने पुनर्वास प्रक्रिया के बारे में बहुमूल्य जानकारी दी, जिसमें सामुदायिक समर्थन, मानसिक स्वास्थ्य देखभाल और शुरूआती हस्तक्षेप के महत्व पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित स्थानीय अधिकारियों और मंत्रियों ने मादक द्रव्यों के सेवन से निपटने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की, जरूरतमंद लोगों के लिए उपलब्ध सरकारी पहलों और सहायता प्रणालियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने समाज पर सकारात्मक प्रभाव डालने के लिए आयोजन टीम के प्रयासों की भी प्रशंसा की। कार्यक्रम में बोलते हुए, ठीक हो रहे नशेड़ी में से एक अंकित त्यागी ने कहा, नशे की लत ने मुझसे सब कुछ छीन लिया था, लेकिन सही लोगों से सही समर्थन के साथ, मुझे अपने जीवन को फिर से बनाने की ताकत मिली। इस तरह के कार्यक्रम हमें याद दिलाते हैं कि ठीक होना संभव है। जागरूकता अभियान का समापन एक खुले मंच के साथ हुआ, जहाँ उपस्थित लोग विशेषज्ञों से बातचीत कर सकते थे, सवाल पूछ सकते थे और मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते थे। यह कार्यक्रम नशे की लत से जुड़े कलंक को तोड? और अधिक व्यक्तियों को मदद लेने के लिए प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था। सोबर एन क्लीन हाउस (अंकित, साहिल और संजय) के आयोजकों ने प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया और जागरूकता फैलाने और पुनर्वास सहायता प्रदान करने में अपने प्रयासों को जारी रखने का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम की सफलता नशीली दवाओं और शराब की लत के खिलाफ चल रही लड़ाई में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो कई लोगों को स्वस्थ और नशे से मुक्त जीवन की ओर कदम बढ़ाने के लिए प्रेरित करती है।

## मूट कोर्ट समिति के अध्यक्ष एवं कार्यकारी सदस्यों का अलंकरण समारोह

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। डासना स्थित एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में सोमवार को मूट कोर्ट समिति के इनवेस्टीचर समारोह का आयोजन कराया गया। यह समारोह स्कूल ऑफ लॉ एंड लीगल स्टडीज और सुंदर दीप कॉलेज ऑफ लॉ द्वारा आयोजित किया गया। इस समारोह में हमारे माननीय अतिथियों की उपस्थिति में मूट कोर्ट समिति का गठन किया गया। हमारे माननीय अतिथियों में उप-कुलपति प्रो. डॉ. प्रसनजीत कुमार रजिस्ट्रार- डॉ. राजीव रतन, मैनेजमेंट की निदेशक- डॉ. कोकिला सक्सेना, डायरेक्टर स्कूल ऑ$फ लॉ एंड लीगल स्टडीज डॉ. हेमंत कुमार शर्मा, लॉ के असिस्टेंट प्रोफेसर सागर सक्सेना, शिप्रा, नवम मेहरोत्रा, कुमारी इस्मत हेना, दवेश रावत, हुमानिटीज की असिस्टेंट प्रोफेसर कुमारी हनिशा बत्रा और पॉलिटेक्निक के असिस्टेंट प्रोफेसर मयंक माहौर उपस्थित रहे। उप-कुलपति प्रो. डॉ. प्रसनजीत सिंह ने कानून के छात्रों को उनके भविष्य के प्रति अपना दृष्टिकोण बदलने और विधि व्यवसाय का महत्व बताते हुए आगे बढे का संदेश दिया। समारोह में अध्यक्ष मनीषा, उपाध्यक्ष गुफरान अली और कोषाध्यक्ष सोनिया मल्होत्रा एवम अन्य विधि के छात्रों को कार्यकारी सदस्य का बैज देकर उन्हें मूट कोर्ट समिति का सदस्य घोषित किया गया और उन्हें मूट कोर्ट समिति की सदस्यता की शपथ दिलवाई।

# राजनगर एक्सटेंशन वाइन शॉप में लगी भीषण आग

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद**। राजनगर एक्सटेंशन में वाइन शॉप में भीषण आग लग गई। जिसकी सूचना तुरंत फायर विभाग को दी गई। जिसके बाद फायर ब्रिगेड की गाडियां मौके पर पहुंची और आग बुझाने में जुट गईं। कड़ी मशक्कत के बाद दमकल की चार गाडियों ने आग पर काबू पा लिया गया। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है। फायर सर्विस को देर रात करीब 1:16 बजे राजनगर एक्सटेंशन में वीकेंड वाइन शॉप में आग लगने की सूचना मिली। जिसके बाद फायर स्टेशन कोतवाली से एफएसओ सहित 2 फायर टैंकर घटनास्थल के लिए रवाना हुए। मौके पर पहुंचने पर वाइन शॉप आग में जलती हुई दिखाई दी। फायर सर्विस यूनिट से तुरंत होज पाइप फैलाकर आग बुझाना शुरू किया। लेकिन आग काफी विकराल रूप ले चुकी थी। घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। कोतवाली फायर स्टेशन के प्रभारी शेषनाथ यादव के मुताबिक मौके पर सबकुछ खाक हो चुका था। लिहाजा ये पता लगा पाना मुश्किल था कि आग कैसे लगी। लेकिन चश्मदीदों के मुताबिक आग शॉप के भीतर लगे एसी में शॉर्ट सर्किट से लगी थी। जांच के लिए मौके पर कुछ बचा ही नहीं था। इस मामले पर जिला आबकारी अधिकारी संजय सिंह का कहना है कि इस तरह के हादसे में हमारा रोल सिर्फ इतना है कि हमे ये रिपोर्ट शासन को भेजनी है कि जिस वक्त ये घटना हुई शॉप में कितना माल था और कितना नुकसान हुआ है जबकि ये घटना कैसे हुई।

## कम्यूनिटी सेंटरों का निजीकरण को लेकर बढ़ी लोगों में परेशानी

**गाजियाबाद**। जीडीए के साथ साथ नगर निगम के द्वारा भी अधिकांश कम्युनिटी सेंटर निजी क्षेत्र के लोगों को लीज पर दिए जाने के साथ ही लोगों के सामने वैवाहिक आयोजन के स्थल को लेकर समस्या खडी हो गई है। लोगों में अब इस बात को लेकर गुस्सा बढ रहा है,जिन पार्कों को नगर निगम के द्वारा हरा भरा करने के दावे किए जा रहे है,पार्कों में वैवाहिक कार्यक्रमआयोजित किए जा रहे है।दुर्भाग्य पूर्ण स्थिति ये है कि आयोजन के बाद गंदगी को पार्कों में ही छोड दिया जाता है। वैशाली के लोगों ने निगम के उद्यान अधिकारी डा अनुज के सामने मुददे को उठाया है। डॉ सुनील वैध के द्वारा लेटर के माध्यम से खुलासा किया कि संज्ञान में लाया गया कि निगम की अनुमति के आधार पर पार्कों में वैवाहिक कार्यक्रम का आयोजन किया।

## कमीशन के विवाद में आरोपियों ने किया सैलून मालिक से मारपीट का प्रयास

वेलकम इंडिया

■ मथुरा की रहने वाली बताया कुछ समय बाद आधार व एग्रीमेन्ट के लिये बोल दिया।

**गाजियाबाद**। थाना इंदिरापुरम स्थित अहिंसा खंड 2 में महिला और युवक ने सैलून मालिक से मारपीट का प्रयास किया और सैलून पर जमकर हंगामा किया। विवाद दोनों पक्षों के बीच कमीशन के रुपए को लेकर हुआ था। पुलिस ने सैलून मालिक की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर ली है। दीपिका सिरोही पुत्री स्व: विनोद कुमार सिरोही निवासी अहिंसा खण्ड-2 थाना इन्दिरापुरम ने कहा कि थाना दुकान नं यू.जी. 20ए, प्लाट नं सी-1, अहिंसा खण्ड-2, इन्दिरापुरम में सैलून का संचालन करती हूँ। एक फरवरी को संध्या को कमीशन के तौर पर अपने सैलून पर रख लिया। उसने अपने को मथुरा की रहने वाली बताया कुछ समय बाद आधार व एग्रीमेन्ट के लिये बोल दिया। 1 मार्च को संध्या अपने साथ आतिफ पुत्र नामालूम निवासी ईदगाह रोड नाले के पास मुरादनगर जिला गाजियाबाद को लेकर सैलून पर आई। उसने आतिफ को भी अपने सैलून पर बतौर कारीगर रख लिया। कभी-कभी इन दोनों को सैलून पर छोड़कर बाहर भी अपने कार्य से चली जाती थी। इन दोनों के व्यवहार व दोनों की बातचीत के आधार पर जानकारी की तो पता चला कि इन दोनों का आपस में अफेयर है और ये लोग इसी तरह अन्य जगह से भी निकाले गये हैं। इसी कारण ये लोग अपना आधार कार्ड नहीं देते हैं तथा और न ही एग्रीमेन्ट बनवाते हैं, इन दोनों की हरकतों को देखते हुए दोनों के कमीशन का पूरा हिसाब कर 15 जनवरी को अपने सैलून से निकाल दिया।

# सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वाले 596 लोग तीन घंटे में पहुंचे हवालात

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद**। गाजियाबाद पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। तीन घंटे के इस अभियान में कुल 596 लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ लोग सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर राहगीरों को परेशान कर रहे हैं। इसके बाद पुलिस ने शहर, देहात और ट्रांस हिंडन जोन में यह अभियान चलाया। पकड़े गए सभी लोगों का मेडिकल कराने के बाद पुलिस एक्ट की धारा 34 के तहत चालान किया गया। डीसीपी सिटी राजेश कुमार के अनुसार, नगर जोन में सबसे ज्यादा 276 लोगों पर कार्रवाई की गई। इनमें कोतवाली घंटाघर से 81, विजयनगर से 62, सिहानी गेट से 26, नंदग्राम से 42, कवि नगर से 37 और मधुबन बापूधाम से 28 लोग शामिल हैं। डीसीपी देहात सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि देहात जोन में 175 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इनमें लोनी से 24, ट्रॉनिका सिटी से 23, अंकुर विहार से 8, लोनी बॉर्डर से 21, मसूरी से 17, मुरादनगर से 29, मोदीनगर से 7, निवाड़ी से 7, भोजपुर से 10, वेव सिटी से 7 और क्रॉसिंग रिपब्लिक से 22 लोग शामिल हैं।

## ट्रांस हिंडन क्षेत्र में एटीएम ठगी, बाइक और बैटरी चोरी के मामले दर्ज

**गाजियाबाद**। ट्रांस हिंडन क्षेत्र में अपराधों का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। हाल ही में एटीएम ठगी, बाइक चोरी और ई-रिक्शा बैटरी चोरी की घटनाएं सामने आई हैं। पुलिस ने सभी मामलों में शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना शालीमार गार्डन में दर्ज शिकायत के अनुसार, ए-524, शालीमार गार्डन एक्स-1 द्वितीय मंजिल निवासी शिल्पी 19 मार्च को एचडीएफसी बैंक एटीएम (भारत माता चौक) पर गई थीं। वहां एक अजनबी व्यक्ति ने उन्हें गुमराह कर एटीएम कार्ड बदल दिया और खाते से 22,000 रुपये निकाल लिए। जब तक उन्हें एहसास हुआ, ठग फरार हो चुका था। शोर मचाने के बावजूद कोई मदद नहीं मिली। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इंदिरापुरम के काला पत्थर रोड पर बाइक चोरी की घटना सामने आई है।

# टीबी उन्मूलन अभियान: 100 दिन में 6242 मरीज चिन्हित

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद**। आईएमए यूपी स्टेट के सचिव डा. आशीष अग्रवाल ने बताया कि टीबी केवल फेफड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सिर से लेकर पैर तक शरीर के किसी भी हिस्से को प्रभावित कर सकती है। इस बीमारी का पता मरीज को जांच के बाद ही चलता है। टीबी के इलाज में लापरवाही खतरनाक साबित हो सकती है, जिससे हर तीसरे मरीज की मौत हो रही है।

आईएमए भवन में सोमवार को आयोजित प्रेसवार्ता में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अखिलेश मोहन ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पिछले दिनों 100 दिन का रोगी खोज अभियान चलाया गया था। इस अभियान के दौरान 7,97,869 संदिग्धों की स्क्रीनिंग की गई, जिसमें 6242 मरीजों में टीबी की पुष्टि हुई। वर्तमान में जिले में करीब 15 हजार मरीजों का उपचार चल रहा है, जिनमें 650 एमडीआर मरीज शामिल हैं। डा. मोहन ने बताया कि टीबी से बचाव और इलाज में सबसे जरूरी है समय पर रोगी की पहचान और संपूर्ण उपचार। 95 प्रतिशत मरीज पूरी दवा लेने से ठीक हो जाते हैं, लेकिन दवा बीच में छोड़ने पर मरीज एमडीआर (मल्टी ड्रग रजिस्टेंट) स्थिति में पहुंच सकता है, जो घातक हो सकती है। इसलिए जरूरी है कि सरकारी और निजी चिकित्सकों के सहयोग से मरीजों का सही इलाज किया जाए। सरकारी स्तर पर निःशुल्क जांच और दवा की सुविधा दी जा रही है। 100 दिन के कार्यक्रम की सफलता के बाद अब संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष मॉनिटरिंग अभियान शुरू किया जाएगा, जिससे टीबी उन्मूलन को गति मिल सके। इस अवसर पर आईएमए यूपी स्टेट के अध्यक्ष निर्वाचित डा. राजीव गोयल, कोषाध्यक्ष डा. वाणी पुरी, कोर्डिनेटर डा. विश्वबंधु जिंदल, सह सचिव डा. नवनीत वर्मा, गाजियाबाद उपाध्यक्ष डा. प्रहलाद चावला और सचिव डा. सार्थक केसरवानी सहित अन्य चिकित्सक उपस्थित रहे।

# लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर को बीजेपी का कारण बताओ नोटिस, वीडियो जारी कर दी प्रतिक्रिया

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर और गाजियाबाद पुलिस के बीच हाल ही में हुए विवाद ने राजनीतिक हलचल बढ़ा दी है। इस विवाद को लेकर बीजेपी संगठन ने विधायक को कारण बताओ नोटिस जारी किया, जिसके बाद विधायक ने वीडियो जारी कर अपनी प्रतिक्रिया दी है। कुछ दिन पहले लोनी में निकाली गई कलश यात्रा के दौरान विधायक नंदकिशोर गुर्जर और गाजियाबाद पुलिस के बीच तीखी नोकझोंक हुई थी। इस दौरान हुए धक्का-मुक्की में विधायक के कपड़े तक फट गए, जिसके बाद से वह उसी फटे कुर्ते में घूमकर अपनी नाराजगी जता रहे हैं। इस विवाद के बाद से विधायक नंदकिशोर गुर्जर लगातार गाजियाबाद पुलिस और प्रदेश सरकार के खिलाफ बयानबाजी कर रहे थे। मामले ने तूल पकड़ लिया और बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी को इस संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इस नोटिस के बाद लखनऊ से लेकर गाजियाबाद तक राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। चर्चा यह भी है कि पार्टी नेतृत्व विधायक से नाराज चल रहा है। इससे पहले भी नंदकिशोर गुर्जर अपनी ही सरकार के खिलाफ धरना दे चुके हैं और गाजियाबाद पुलिस कमिश्नर पर गंभीर आरोप लगाते रहे हैं।



# दहेज मांग पर विवाहिता से मारपीट, पति सहित परिवार पर केस दर्ज

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। थाना इंदिरापुरम क्षेत्र में दहेज के लिए विवाहिता का मानसिक और शारीरिक उत्पीड? किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पति, सास-ससुर, जेठ और देवर के खिलाफ दहेज प्रताडा और मारपीट का केस दर्ज किया गया है। पीड़िता साक्षी पुत्री पप्पू सिंह, जो सेक्टर-16, सोमवार वाली गली में अपने पति और ससुरालवालों के साथ रहती है, ने थाना इंदिरापुरम प्रभारी को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी दो साल पहले आकाश से हुई थी। शादी के बाद से ही पति आकाश, ससुर रामपाल, सास पुष्पा, जेठ बृजेश और देवर सर्वेश लगातार 5 लाख रुपये की मांग कर रहे थे। साक्षी ने बताया कि उसके पिता ने शादी में 50,000 रुपये खर्च किए थे और सभी जरूरी सामान भी दिया था, लेकिन इसके बावजूद ससुराल वाले लगातार और दहेज की मांग कर रहे थे। जब उसने देने से इनकार किया, तो उसके साथ मारपीट, गाली-गलौच और मानसिक प्रताड ा शुरू कर दी गई। पीड़िता ने बताया कि कई बार समझौता होने के बावजूद ससुराल पक्ष का व्यवहार नहीं बदला।